5623

KŪṚUX PHONETICS AND TRANSLITERATION

कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण

By :

Dr. Narayan Oraon "Sainda"

Dr. Smt. Jyoti Toppo "Oraon"

KŪṚUX PHONETICS AND TRANSLITERATION

कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण

By : -

Dr. Narayan Oraon 'Sainda'

M.B.B.S., PGDMCH., FCGP.

Senior Resident, Deptt. of Pediatrics,

Patliputra Medical College Hospial, Dhanbad

(Jharkhand).

&

Dr. Smt. Jyoti Toppo Oraon

M.A.(Sanskrit), Ph.D.

Lecturer, Deptt. of Sanskrit

Gossner College, Ranchi (Jharkhand)

प्रकाशक

Satya Bharati

Dr. Camil Bulcke Path P. Box. - 2

Ranchi - 834001 Jharkhand (India)

Contact : 0651-2350075, 2350990

E-mail: satyabharati@rediffmail.com

प्रथम संस्करण - 2011

© : Author
Published on : 20 Feb. 2011
Published by : Satya Bharti, Camil Bulcke Path,
Ranchi - 834001 (Jharkhand)

मुद्रक : काथलिक प्रेस, राँची - 834001 (झारखण्ड) फोन नं० (0651) 2314417/ 2351233

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2009 के कुड़ुख भाषा पत्र के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 17/2009

एतद् द्वारा सभी छात्रों, उनके अभिभावकों संबंधित विद्यालय के प्राचार्य/पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, के पत्रांक 6/नि-1-12/2002-565 दिनांक 18.02.2009 द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय "कुड़ुख कथा खोड़हा सुर पड़हा भागी टोली" डुमरी गुमला के 39 (उनचालीस) छात्रों को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2009 के कुड़ुख (उराँव) भाषा पत्र को अपनी लिपि "तोलोंग सिकी" से परीक्षा लिखने की अनुमति प्रदान की गई है।

अध्यक्ष के आदेशानुसार

ह./-

(पोलिकार्प लिंडा)

सचिव,

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/SECY/078/09 Dt. 19.02.09

D.O.P. 20.02.09

समर्पण

उस आदिवासी पीढ़ी को जिसमें
आधुनिक शिक्षा ग्रहण
करने के साथ-साथ
आदिवासी भाषा एवं
अपनी मूल संस्कृति
को धरोहर के रूप में
समृद्ध करते रहने
की उत्कृष्ट
अभिलाषा है ।

प्रस्तावना

"**कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण)**" शीर्षक रचना में, मैंने कुँड़ुख़ भाषा की उच्चरित ध्वनियों को **तोलोङ सिकि (लिपि)** के माध्यम से रेखांकन करते हुए कुँड़ुख़ शब्दों को **तोलोङ सिकि, रोमन एवं देवनागरी लिपि** में लिप्यन्तरण करने का प्रयास किया है । यों तो यह मानकीकरण का प्रश्न है किन्तु अभ्यास एवं अग्रतर विकास के माध्यम से जनसाधारण के समक्ष प्रस्तुत होना भी एक मानकीकरण ही है । इन लिपियों में से तोलोङ सिकि एवं रोमन लिपि वर्णात्मक है, जबकि देवनागरी लिपि अक्षरात्मक लिपि है । लिप्यन्तरण का अर्थ, सदृश अक्षरों के अनुरूप प्रतिनिधित्व समझा जाना है ।

ज्ञात हो कि सर्वप्रथम कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को रोमन लिपि के माध्यम से लिखा जाता था । बाद में देवनागरी लिपि के माध्यम से विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में पढ़ाई-लिखाई होने लगी और अब **कुँड़ुख़ समाज** द्वारा **"तोलोङ सिकि"** को कुँड़ुख़ भाषा की लिपि की सामाजिक मान्यता दिये जाने एवं झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची से 19 फरवरी 2009 को मैट्रीक की परीक्षा में उत्तर पुस्तिका लिखने की अनुमति मिलने के पश्चात् अब तोलोङ सिकि के माध्यम से भी पढ़ाई-लिखाई हो रही है । इस परिस्थिति में साहित्यिक दृष्टिकोण से उपरोक्त तीनों लिपियों के बीच ध्वन्यात्मक लिप्यन्तरण की आवश्यकता महसुस की जाने लगी । इस आवश्यकता को मैंने इस लेख के माध्यम से पूरा किया है ।

उपलब्ध साहित्यों में से Rev. F. Hahn की पुस्तक Kurukh Grammar वर्ष 1900 ई० में छपी । इसके बाद श्रद्धेय A. Grignard की पुस्तक **An Oraon English Dictionary** वर्ष 1924 ई० में एवं C. BLESES S.J. की पुस्तक **An English Uraon Dictionary** वर्ष 1956 ई० में छपी । ये तीनों विद्वान पश्चिम देश से थे तथा इनके द्वारा पश्चिमी भाषा एवं लिपि के आधार पर कुँड़ुख़ भाषा एवं इसके शब्दों को समझने एवं लिखने का प्रयास किया गया । इनसे भिन्न, एक भाषा वैज्ञानिक प्रयास भी हुआ । स्व० डॉ० फ्रांसिस एक्का की पुस्तक "KŪRUX PHONETIC READER" CIIL, Series-9 वर्ष 1985 में प्रकाशित हुई । इसमें पश्चिम एवं पूरब दोनों तरह के विचारों का समावेश है । उपरोक्त चारों विद्वानों के विचारों को समझने के लिए Victor W. Tucker की पुस्तक **"Improve Your Pronunciation"** वर्ष 1987 ई०, **Oxford English Hindi Dictionary** वर्ष 2004 ई० तथा **Oxford Advanced Learner's Dictionary of Current English** by - A S Hornby में व्यवहारित phonetic symbols का अवलोकन आवश्यक होगा, जिसमें English Phonetics के बारे में नियम पूर्वक बतलाया गया है । ध्यातव्य हो कि Running English एवं Phonetics, दोनों अलग-अलग विधा है । Phonetics में बतलाया गया है कि अँग्रेजी भाषा में 21 (इक्कीस) स्वर ध्वनियाँ तथा 24 (चौबीस) व्यंजन ध्वनियाँ यानि कुल 45 (पैंतालिस) ध्वनियाँ हैं, जिसे मात्र 26 (छब्बीस) अक्षरों से लिखा जाता है । इन सभी बातों के होते हुए *'उर्दू-हिन्दी डिक्शनरी'* **अंजुमन तरक्की उर्दु (हिन्द) प्रकाशन,** वर्ष-2003 का

उद्धरण, कुँड़ुख़ शब्दों का रोमन लिपि में लिप्यन्तरण को समझने में मददगार होगा। इसके अतिरिक्त इस रचना की प्रस्तुति में P.O.BODDING की पुस्तक ***SANTALI DICTIONARY*** तथा ***SANTALI FOLK TALES,*** REV. JOHN HOFFMANN की पुस्तक ***ENCYCLOPEDIA MUNDARICA,*** REV. P. PONATTE की पुस्तक ***ENCYCLOPEDIA MUNDARICA,*** J. DEENEY की पुस्तक ***HO-ENGLISH DICTIONARY,*** जूलियस बाअ् की पुस्तक, **खड़िया ध्वनि शास्त्र**, खड़िया साहित्य समिति, राँची द्वारा प्रकाशित पुस्तक *KHERIA OS?NLO?,* J. VAN. VOGAERT की पुस्तक ***LATIN GRAMMAR*** आदि पुस्तकों का अवलोकन किया गया है।

प्राचीन भारत में, लेखन एवं पठन-पाठन के क्रम में वैदिक संस्कृत एवं लौकिक संस्कृत जैसी शाब्दिक पारिस्थितिकी आमने-सामने आयी। कालान्तर में हिन्दी भाषा का उद्भव हुआ और मूल संस्कृत वर्णमाला से घट-बढ़कर वर्तमान हिन्दी वर्णमाला का उदय हुआ। वैदिक संस्कृत में स्वर ध्वनियों की संख्या लगभग 132 (एक सौ बत्तीस) है किन्तु हिन्दी वर्ण माला में मात्र 11 (ग्यारह) स्वर वर्णों से ही पठन-पाठन का कार्य चल रहा है। संस्कृत ग्रंथमाला में से उदाहरण स्वरूप - **यजुर्वेद** (संस्कृति संस्थान, बरेली), **ऋक् सूक्त संग्रह :** डॉ० हरिदत्त शास्त्री, डॉ० कृष्ण कुमार, **श्रीशुक्लयजुर्वेदीयरूद्राष्टाध्यायी, लघु सिद्धांत कमौदी :** श्रीमद्विद्वद्वर-वरदराजाचार्यप्रणीता, **संस्कृत सहचर :** आचार्य राधामोहन उपाध्याय, **संस्कृत हिन्दी शब्दकोश** - वी० एस० आप्टे , Concise Sanskrit-Hindi-English Dictionary - Dr. Uma Prasad Pandey आदि का कुछ भाग, कुँड़ुख़ ध्वनि एवं वर्णमाला को समझने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

आजाद भारत में कुछ कुँड़ुख़ भाषी विद्वान भी अपनी भाषा एवं माटी के लिए आगे आये और अपनी भाषा को देवनागरी लिपि के माध्यम से लिखना-पढ़ना आरंभ किया। उनमें से श्रद्धेय जुलियस तिग्गा, श्रद्धेय अह्लाद तिर्की, श्री पी० सी० बेक, डॉ० ख़िस्त मिखाइल तिग्गा, बिशप डॉ० निर्मल मिंज, श्रद्धेय देवचरण भगत, श्रद्धेय इन्द्रजीत उराँव, श्रद्धेय बिहारी लकड़ा आदि अग्रणी हैं। इन सभी विद्वानों की लेखन शैली में उत्पन्न दो अलग-अलग व्यवहृत लिपियों की कठिनाइयों को कुँड़ुख़ भाषा की लिपि अर्थात् **तोलोङ सिकि** के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया है। चूँकि कुँड़ुख़ भाषा की प्रकृति अंग्रेजी, संस्कृत अथवा हिन्दी भाषा की प्रकृति से बिलकुल भिन्न है, जिसके चलते कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को रोमन लिपि या देवनागरी लिपि के माध्यम से शुद्ध-शुद्ध लिखना एवं पढ़ना मुश्किल होता है। अतएव इस कठिनाई को समझने एवं कुँड़ुख़ भाषा की लेखन समस्या को दूर करने हेतु संस्कृत एवं कुँड़ुख़ (दोनों प्राचीन) भाषाओं के स्वरों की प्रकृति को समझना आवश्यक होगा।

संस्कृत भाषा में स्वर के तीन भेद हैं :-

1)ह्रस्व स्वर 2) दीर्घ स्वर 3) प्लूत स्वर।

मान लिया कि ह्रस्व स्वर का उच्चारण समय x सेकेण्ड है तो दीर्घ एवं प्लूत स्वर का उच्चारण समय क्रमशः $2x$ (दो गुना) तथा $3x$ (तीन गुना) सेकेण्ड होगा। यहीं पर कुँड़ुख़ भाषा में स्वर के दो भेद हैं :-

(1) सन्नी सरह (2) दिगहा सरह।

इनमें से सन्नी सरह संस्कृत भाषा के ह्रस्व स्वर की भाँति है किन्तु दिगहा सरह का उच्चारण समय, संस्कृत भाषा के दीर्घ स्वर से लम्बा तथा प्लूत स्वर से कम यानि लगभग 2½ (ढाई) गुणा होता है, जिसके चलते कुँड़ुख़ भाषा के क्षेत्र के गाँवों का नाम या कुँड़ुख़ शब्दों का नामान्तरण होकर हिन्दी उच्चारण की तरह हो गया है। जैसे :- भाँ:ड़ो - भरनो, सू:सा - सुरसा, ना:रो - नारो आदि। इसी तरह अंग्रेजी भाषा की रोमन लिपि में 5 (पाँच) मूल स्वर हैं और यह वर्णात्मक लिपि है। जबकि देवनागरी अक्षरात्मक लिपि है। वर्णात्मक लिपि वैज्ञानिक व्याख्या की दृष्टिकोण से अक्षरात्मक लिपि से अच्छी मानी जाती है।

इन समस्याओं के निराकरण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय ध्वनि विज्ञान का सिद्धांत तथा वर्तमान *Technology* को आधार माना गया है। कुछ विद्वतजनों का सुझाव है कि वर्तमान में वर्णमाला आदि का मानकीकरण **तकनीकी अनुकूल (Techno-friendly)** होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के अनुकूल संशोधन एवं विस्तारण की प्रक्रिया को मानना ही *Techno-friendly* है। इन विधितताओं के वावजूद मानक मानदण्ड हेतु कुँड़ुख़ भाषा की ध्वनियों एवं उसकी लिपि तोलोंङ सिकि को आधार मानकर यह लिप्यन्तरण किया गया है, जिसे इस प्रकार समझा गया है :-

1. कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोङ सिकि (लिपि) में ᱵ, ᱶ, ᱷ, ᱸ, ᱹ, ᱺ (इ, ए, उ, ओ, अ, आ / **i, e, u, o, a, a̲**) कुल 6 मूल एवं स्वतंत्र स्वर तथा स्वर ध्वनि चिह्न हैं जबकि अंग्रेजी में **a, e, i, o, u** कुल 5 (पाँच) मूल स्वर एवं स्वर चिह्न तथा हिन्दी में अ, इ, उ मात्र 3 (तीन) मूल स्वर माना गया है। (देखें : Appendix - A_2)
2. संस्कृत भाषा की देवनागरी लिपि में अर्द्धस्वर अ अथवा विकारी अ के लिए " ऽ " चिह्न का प्रयोग होता है तथा संगीत में इसी चिह्न का प्रयोग 'अलाप' के लिए किया जाता है। अंग्रेजी में अर्द्धस्वर अ अथवा विकारी अ को glottal stop कहा जाता है। कुँड़ुख़ भाषा में भी glottal stop ध्वनि है जिसे तोलोङ सिकि में " ।" (हेचका) चिह्न देकर लिखा जाता है। कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को देवनागरी में लिखने हेतु 'अ्' (अ के नीचे हलन्त् चिह्न) चिह्न से glottal stop को संबोधित किया गया है। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्राध्यापक स्व० इन्द्रजीत उराँव, कुँड़ुख़ भाषा के हेचका हरह ध्वनि के लिए देवनागरी लिपि में 'अ्' चिह्न ही लिखा करते थे। जैसे - ᱪᱵᱵᱺ - चिअ्ना, ᱲᱸᱵᱺ - होअ्ना, ᱵᱶᱵᱺ- नेअ्ना आदि। (देखें : Appendix - R_1, R_2 & CD_2)
3. Running English में लम्बी ध्वनि के लिए किसी तरह का ध्वनि चिह्न का प्रयोग नहीं होता है किन्तु Phonetics में अक्षर के बाद ' : ' (कॉलन) चिह्न देकर, Long phones को लिखा एवं पढ़ा जाता है। इस चिह्न का प्रयोग फॉदर कामिल बुल्के की पुस्तक *"अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश"* में देवनागरी लिपि के माध्यम से अंग्रेजी शब्दों को अंकित किया गया है। जैसे - earth (अॅ:थ), birth (बॅ:थ), learn (लॅ:न), word (वॅ:ड), law (लॉ:) आदि। इस पुस्तक में कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को देवनागरी लिपि में दिखलाने हेतु ':' चिह्न (कॉलन चिह्न) का ही प्रयोग किया गया है। इस पद्धति को हिन्दी साहित्य के विद्वान डॉ० दिनेश्वर प्रसाद ने भी सराहना की है। जैसे - ᱵᱶ:ᱲᱺ - ने:ला, ᱪᱶ:ᱲᱺ - ते:ला, ᱺ:ᱲᱵ - आ:ली, ᱣᱸ:ᱰᱺ - मो:ड़ा, ᱣᱸ:ᱣᱸ - गो:दो आदि। (देखें : Appendix - X)

4. कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित ध्वनि, सन्नी अ (า) एवं दिगहा अः (าः), अंग्रेजी भाषा विज्ञान में विनिर्दिष्ट Λ तथा Λ: की तरह है, जिसे कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को तोलोङ सिकि में า एवं าः इस तरह लिखा जाता है। जैसे - ഗาഃങ - कःव, ഖาഃങ - दःव आदि। (देखें : Appendix - F)

5. Rev. F. Hahn एवं A. Grignard द्वारा बतलाये गये उपाय से रोमन लिपि में कुँड़ुख़ भाषा की उच्चरित नासिक्य स्वर ध्वनियों को वर्तमान तकनीक अर्थात् टाईप मशीन एवं कम्प्यूटर में लिखने में कठिनाई होती है। अतएव इस समस्या के समाधान हेतु उक्त स्वरूप में तकनीकी सम्मत चिह्न Daicritical mark देकर लिखा गया है। ऐसा प्रयोग P. O. BODDING की पुस्तक Santali Dictionary एवं Santhali Folk Tales में किया गया है। जैसे - ഗർഃഭന-ഗർഃഭന - Kõ:ṛa̱ - kõ:ṛa̱, ഗൎഃഭൎ-ഗൎഃഭൎ - chã̱:ṛe - chã̱:ṛe आदि। (देखें : Appendix - J & K)

6. देवनागरी लिपि में अ + अ = आ माना गया है, जबकि उच्चारण की दृष्टि से 'अ' एवं 'आ' दोनों पूर्ण एवं अलग-अलग स्वर हैं जिसे अन्तर्राष्ट्रीय ध्वनि विज्ञान में भी स्वीकार किया गया है। इसे अंग्रेजी में a = अ एवं ā = आ तथा उर्दू-अंग्रेजी में a = अ एवं á = आ समझा जाता है। स्व० डॉ० फ्रांसिस एक्का (पूर्व निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसुर) द्वारा कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को रोमन लिपि में लिखने कें लिए 6 (six) vowel concept के सिद्धांत को स्वीकार किया गया है, जो प्रयोग की दृष्टि से उत्तम है। जैसे - i, e, u, o, a, a̱ . इस सिद्धांत के संबंध में काथलिक प्रेस राँची के कम्प्यूटर एवं तकनीकी विशेषज्ञ फ़ा० अलेक्स टोप्पो, एस०जे० एवं रोम देश के पोंटिफिकल ग्रेगोरियन विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर फ़ा० डॉ० लिनुस कुजूर, एस०जे० का मन्तव्य हैं कि विदेशों में भी रोमन लिपि के अक्षरों के ऊपर या नीचे चिह्न लगाकर अपनी भाषा को लिखने-पढ़ने की स्वतंत्रता एवं परंपरा है। इस संबंध में कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा लूरएड़पा, लूरडिप्पा, गुमला (झारखण्ड) के संस्थापक फ़ा० डॉ० जेफ्रेनियुस बख़ला उर्फ डॉ० एतवा उराँव का कहना है कि า (अ) ध्वनि के बराबर रोमन लिपि में ' a ' है तथा า̊ (अँ) ध्वनि के बराबर ' ã ' रखा गया है। चूँकि า̊ (अँ) के उच्चारण में स्वांस प्रक्रिया Nasal cavity यानि orall cavity से ऊपर होकर पूरी होती है अतएव 'a' के ऊपर ' ~ ' ध्वनि पूरक चिह्न (Diacritical mark) देकर चिह्नित किया गया है। इसी तरह ന (आ) ध्वनि के लिए रोमन लिपि में a̱ (' a ' के नीचे '- ') लिखा जाना तर्क संगत लगता है, चूँकि ന (आ) के उच्चारण में निचला जबड़ा (Lower jaw)नीचे की ओर आता है तथा า (अ) ध्वनि के उच्चारण की तुलना में मुँह अधिक खुलता है।

7. देवनागरी लिपि में 'ए' एवं 'ओ' संयुक्त स्वर अथवा दीर्घ स्वर है, जबकि कुँड़ुख़ भाषा में 'ए' एवं 'ओ' ह्रस्व की भाँति भी उच्चारण किया जाता है जिसे लिखने के लिए देवनागरी लिपि में सही-सही लिपि चिह्न नहीं है। यही कारण है कि कुँड़ुख़ भाषी जन-साधारण, हिन्दी भाषा में उच्चरित 'ए' एवं 'ओ' ध्वनि के उच्चारण में अपनी मातृभाषा के अनुसार ह्रस्व की भाँति उच्चारण किया करते हैं।

8. हिन्दी भाषा में उच्चरित दीर्घ "ई, ी" एवं दीर्घ "ऊ, ू" कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित दिगहा ഴഃ (इः) एवं दिगहा - ഴ: (उः) से भिन्न है। हिन्दी का दीर्घ ई एवं दीर्घ ऊ, शब्द खण्ड का अंतिम वर्ण के स्थान पर रहता है, किन्तु कुँड़ुख़ भाषा का कोई भी दिगहा सरह शब्दखण्ड के अन्त में उपस्थित नहीं होता है। यदि हिन्दी का दीर्घ स्वर का उच्चारण समय दो गुना है तो कुँड़ुख़ भाषा के दिगहा सरह का उच्चारण समय ढाई गुना होता है।

9. कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को देवनागरी लिपि में लिखते समय एक समान सुनाई पड़ने वाले शब्दों के उच्चारण एवं अर्थ की भिन्नता को दिखलाने के लिए ' » ' घेतला चिह्न (शब्दखण्ड सूचक चिह्न) देकर लिखा गया है। जैसे :- कमई - कम'ई, बरई - बर'ई आदि।

इस शोध एवं प्रस्तुतिकरण में स्व० डॉ० फ़्रांसिस एक्का, पूर्व कुलपति स्व० डॉ० बहुरा एक्का, पद्मश्री एवं पूर्व कुलपति डॉ० रामदयाल मुण्डा, पूर्व कुलपति डॉ० (श्रीमती) इन्दु धान, कुलपति फ़ा० डॉ० बेनी एक्का, बिशप डॉ० निर्मल मिंज, डॉ० दिनेश्वर प्रसाद, स्व० प्रो० इन्द्रजीत उराँव, फ़ा० प्रताप टोप्पो, फ़ा० जेम्स टोप्पो, डॉ० प्रकाशचन्द उराँव, डॉ० करमा उराँव, डॉ० दुखा भगत, फ़ा० डॉ० जेफ्रेनियुस बख़ला, फ़ा० डॉ० लिनुस कुजुर, डॉ० नारायण भगत, डॉ० हरि उराँव, डॉ० (श्रीमती) शान्ति ख़लख़ो, डॉ० गिरिधारी राम "गौंझु", फ़ा० डॉ० ईमानुएल बख़ला, श्री अशोक बख़ला, श्री विनोद कुमार भगत 'दिवान', श्री विनोद कुमार भगत 'नेताजी', डॉ० प्रभाकर तिर्की, ई० अजीत मनोहर ख़लख़ो, श्री मंगरा उराँव, डॉ० विनय कुमार मिश्रा, श्री मनोरंजन लकड़ा, श्री पियुस अमृत कुमार बेक, श्री अब्राहम मिंज, श्री अगस्तुस तिग्गा, श्री किसलय जी आदि विद्वतजनों का मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त हुआ है। संस्कृत व्याकरण को समझने में मेरी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ० ज्योति टोप्पो उराँव का विशेष योगदान रहा है। साथ ही फ़ा० अगुस्टीन केरकेट्टा की भूमिका स्मरणीय रहेगा जिन्होंने एक अग्रज एवं सहकर्मी के रूप में हमेशा मेरा साथ दिया है। प्रकाशन हेतु, सत्यभारती, राँची एवं मुद्रण हेतु काथलिक प्रेस, राँची के कुशल पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की सराहना किये बिना आगे बढ़ना मुश्किल होगा जिनकी कार्यकुशलता से कम समय में ही यह पुस्तक अपने स्वरूप में आ सकी।

इस पुस्तक में पृष्ठ संख्या 47 से 120 तक परिशिष्ट के रूप में कुछ पृष्ठ मूल पुस्तक की छाया कॉपी अपने मूल अवस्था में ही उद्धृत किए गये हैं। यह इसलिए किया गया है कि पाठकों तक उन किताबों की बातें मूल रूप में दृश्यमान हो, जिससे पाठकों में नई अवधारणा के प्रति रोष उत्पन्न न हो। संभव है, यह उचित न होते हुए भी नई बातों को आसानी से लोगों तक पहुँचाए जा सकने में आप सबों का ही योगदान प्रमाणित होता है। इस धृष्टता के लिए परिशिष्ट में उद्धृत लेखकों का मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

एक चिकित्सक की हैसियत से मैंने *शरीर रचना विज्ञान (Anatomy), शरीर क्रिया विज्ञान (Physiology), ध्वनि विज्ञान (Phonetic Science)* एवं आधुनिक तकनीक *कम्प्यूटर विज्ञान (Computer Science)* आदि का तुलनात्मक अध्ययन कर अपनी मातृभाषा कुँड़ुख़ के विकास हेतु इस पुस्तिका को आप पाठकों तक पहुँचाने का प्रयास किया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप मेरे प्रयास को सहृदयता के साथ स्वीकार करेंगे, तथा अपना सुझाव एवं टिप्पणी, narayan@tolongsiki.com अथवा oraon_narayan@indiatimes.com पर ई-मेल भेज कर हमें अनुगृहित करने की कृपा करेंगे।

दिनांक - 20.02.2011

डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा'
पाटलिपुत्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
धनबाद (झारखण्ड)

प्राक्कथन

कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण) शीर्षक रचना में कुँड़ुख़ भाषा की उच्चरित ध्वनियों को तोलोङ सिकि (लिपि) के माध्यम से रेखांकित करते हुए कुँड़ुख़ शब्दों को तोलोङ सिकि, रोमन एवं देवनागरी लिपि में लिप्यन्तरण करने का प्रयास है ।

इस पुस्तिका में मैंने एक सह-लेखिका की भूमिका में अपना योगदान दिया है । मुझे कुँड़ुख़ भाषा की गहराई की विशेष जानकारी नहीं है तथापि उराँव समाज की महिला के हैसियत से मैंने अबतक अर्जित ज्ञान को कुँड़ुख़ भाषा के विकास में समर्पित करने का प्रयास किया है ।

जहाँ तक तोलोङ सिकि, रोमन एवं देवनागरी लिपि के बीच लिप्यन्तरण का प्रश्न है तो इस प्रस्तुतिकरण से पूर्व संस्कृत भाषा में उच्चरित ध्वनियों की विवेचना करना आवश्यक समझती हूँ ।

विश्व का प्रथम मानक व्याकरण ग्रंथ "अष्टाध्यायी" के रचयिता महर्षि पाणिनि एवं इसे सरल रूप प्रदान करने वाले वैयाकरण महर्षि पतञ्जली तथा श्रीमद्भट्टोजी दीक्षित द्वारा वैदिक संस्कृत में उच्चरित ध्वनियों की व्याख्या की गई है । इन विद्वानों द्वारा बतलाये गए तथ्यों को कुँड़ुख़ भाषा, जो संस्कृत जैसी एक प्राचीन भाषा है, के साथ तुलनात्मक अध्ययन हेतु निम्नांकित बातें अवलोकनीय है :-

(1) संस्कृत में स्वर के मुख्य तीन भेद हैं :-

(क) ह्रस्व स्वर - अ, इ, उ, ऋ, ऌ ।

(ख) दीर्घ स्वर - आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ऐ, ओ, औ ।

(ग) प्लूत स्वर - अ३, इ३, उ३, ऋ३, ऌ३, ए३, ऐ३, ओ३, औ३ ।

वैदिक उच्चारण में इन सभी स्वर ध्वनियों के छः - छः भेद हैं । इस प्रकार - $5 \times 6 + 8 \times 6 + 9 \times 6 = 132$ अर्थात् वैदिक उच्चारण में कुल 132 (एक सौ बत्तीस) स्वर ध्वनि हैं । (देखें Appendix - U_2)।

(2) संस्कृत में ए, ऐ, ओ एवं औ दीर्घ अथवा संयुक्त स्वर हैं । इसे इस प्रकार समझा जाता है :-

अ + इ = ए
अ + ए = ऐ
अ + उ = ओ
अ + ओ = औ

(3) संस्कृत में अ + अ = आ समझा जाता है ।

(4) देवनागरी लिपि, संस्कृत भाषा के अनुरूप विकसित है किन्तु इसे हिन्दी भाषा की भी लिपि स्वीकार किए जाने के पश्चात् हिन्दी भाषा हेतु देवनागरी लिपि में ड़ एवं ढ़ वर्ण (क्षेत्रीय प्रभाव के चलते) स्वीकार किये गए हैं किन्तु संस्कृत का ऌ वर्ण का प्रयोग हिन्दी भाषा में स्वर वर्ण के रूप में नहीं होता है ।

(5) देवनागरी लिपि से अरबी एवं उर्दू भाषा के शब्दों को लिखने के लिए अक्षर के नीचे डॉट चिह्न देकर लिखा एवं पढ़ा जाता है । जैसे - क़, ग़, ज़, फ़, व़, ख़ आदि ।

(6) कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित मूल स्वर ध्वनियों की व्याख्या करते हुए तोलोङ सिकि (लिपि) के आविष्कारक डॉ० नारायण उराँव 'सैंदा' ने "तोलोङ सिकि का उद्भव एवं विकास" पुस्तक में 24 (चौबीस) स्वर ध्वनियों की व्याख्या की है । जो इस प्रकार है -

(1) बइता सन्नी सरह (Oral Short vowel) - 𑅑, 𑅒, 𑅓, 𑅔, 𑅕, 𑅖 .
(2) बइता दिगहा सरह (Oral Long vowel) - 𑅑:, 𑅒:, 𑅓:, 𑅔:, 𑅕:, 𑅖: .
(3) मुँइता सन्नी सरह (Nasal Short vowel) - 𑅑̇, 𑅒̇, 𑅓̇, 𑅔̇, 𑅕̇, 𑅖̇ .
(4) मुँइता दिगहा सरह (Nasal Long vowel) - 𑅑̇:, 𑅒̇:, 𑅓̇:, 𑅔̇:, 𑅕̇:, 𑅖̇: .

(इस प्रकार कुँड़ुख़ भाषा में कुल 4×6 = 24 (चौबीस) स्वर ध्वनियाँ हुईं । देखें Appendix- A_2)

(7) कुँड़ुख़ भाषा के स्वर ध्वनियों को तोलोङ सिकि के माध्यम से व्याख्या करते समय - 𑅑, 𑅒, 𑅓, 𑅔, 𑅕, 𑅖 (इ, ए, उ, ओ, अ , आ) 6 (छः) मूल स्वर माना गया है, जबकि देवनागरी लिपि में ए एवं ओ दीर्घ या संयुक्त स्वर है ।

इस विवाद पर भाषा विज्ञान का दृष्टिकोण अलग है । डॉ० फ्रांसिस एक्का ने अपनी पुस्तक KŨRUX PHONETIC READER में 6 (छः) अलग-अलग मूल स्वर के रूप में व्याख्या की है । (देखें KŨRUX PHONETIC READER, CIIL Series - 9 Dr. Francis Ekka, P - 13, 20, 25 & 29)

(8) कुँड़ुख़ भाषा की तोलोङ सिकि में 𑅕 (अ) एवं 𑅖 (आ) दो अलग-अलग स्वर एवं चिह्न है जबकि संस्कृत में अ + अ = आ समझा जाता है ।

(9) कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों में - 𑅘 (ज़), 𑅙 (ख़), 𑅚 (ड़) तथा 𑅛 (ढ़) हरह तोड़ (व्यंजन वर्ण) काफी संख्या में हैं जबकि संस्कृत में इसका अभाव है ।

(10) संस्कृत भाषा के शब्दों में ऋ, लृ, ऐ, औ, ण, श, ष, ज्ञ, श्र, क्ष, त्र आदि वर्णों का प्रयोग होता है जबकि तोलोङ सिकि में इसके लिए अलग से वर्ण निर्धारित नहीं किए गए हैं ।

उपरोक्त तथ्यों की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि -

(1) कुँड़ुख़ भाषा हेतु तोलोङ सिकि के समर्थन में वर्णित 6 (छः) मूल स्वर का सिद्धांत सराहणीय है । यह सिद्धांत डॉ० फ्रांसिस एक्का के मार्ग दर्शन पर स्थापित हुआ है ।

(2) तोलोङ सिकि वर्णमाला एवं ध्वनि विज्ञान में वर्णित 𑅑, 𑅒, 𑅓, 𑅔, 𑅕, 𑅖 (इ, ए, उ, ओ, अ, आ) को पूर्ण एवं स्वतंत्र इकाई स्वर ध्वनि मानकर कुँड़ुख़ व्याकरण की व्याख्या करना एक साहसिक कदम है । इस निर्देश को डॉ० एक्का ने अपनी पुस्तक KŨRUX PHONETIC READER में स्पष्ट रूप से किया है ।

इस प्रकार डॉ० फ्रांसिस एक्का एवं डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' द्वारा प्रस्तुत विचार एवं लेख कुँड़ुख़ भाषा-साहित्य के विकास हेतु एक सरल एवं सुग्राह्य माध्यम साबित होगा । अब जरूरत है समाज को एक सामूहिक निर्णय लेने की तथा इस निर्णय को लेकर आगे बढ़ने की ।

आशा है, मेरी इस अवधारणा को समाज के लोग, खासकर कुँड़ुख़ भाषी गंभीरता पूर्वक विचार करेंगे, जिससे कुँड़ुख़ भाषा के विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके ।

दिनांक - 10/10/2010

डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो उराँव
गोस्सनर कॉलेज, राँची
(झारखण्ड)

DESCRIPTION OF SPEECH ORGANS

SPEECH TRACT



1. Bilabial
2. Labiodental
3. Dental and interdental
4. Alveolar
5. Postalveolar
   (a) retroflex
   (b) palatoalveolar
6. Palatal
7. Velar
8. Uvular
9. Pharyngeal
10. Glottal

A priliminary list of some places of articulation

विषय-सूची

	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	Introduction (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण : एक परिचय)	21
2.	Chapter I - Grammatical Direction (व्याकरण संबंधी निर्देश)	22
3.	Chapter II - Kũrux phones and articulatory discription (कुँड़ुख़ ध्वनियाँ एवं औच्चारणिक विवेचना)	24
4.	Chapter III - Vowel (सरह)	26
	A. Short oral vowel (सन्नी बइता सरह)	26
	B. Short nasal vowel (सन्नी मुँइता सरह)	26
	C. Long oral vowel (दिगहा बइता सरह)	26
	D. Long nasal vowel (दिगहा मुँइता सरह)	26
	E. Diphthongs (मेसका सरह)	27
	a. Oral diphthongs (बइता मेसका सरह).	27
	b. Nasal diphthongs (मुँइता मेझका सरह).	27
5.	Chapter IV - Consonant (हरह)	28
	1. Primary Consonant (मू:ली हरह)	28
	2. Compound Consonant (जोड़ोरका हरह)	29
6.	Chapter V - Glottal stop (हेचका हरह).	30
7.	Chapter VI - Alphabetic arrangement of words (तो:ड़ तरपाँति)	31
8.	Chapter VII - Phonetic drill (हहस कसरत).	32
	A. Uses of short and long 'i'.	32
	B. Uses of short and long 'e'.	32
	C. Uses of short and long 'u'.	33
	D. Uses of short and long 'o'.	33

E. Uses of short and long 'a'. 34
F. Uses of short and long 'a̲'. 34
G. Uses of Primary consonant. 35
H. Uses of Compound consonant. 36
I. Diphthongs. 37

9. Chapter VIII - Presentation of short & long vowel in words 38
10. Chapter IX - Glottal stop, short & long vowel in word. 38
11. Chapter X - Similar looking words. 39
12. Chapter XI - Transliteration of Hindi words in Tolong Siki 39
13. Appendix (चुड्डा पेंच्छो / परिशिष्ट) 43

Appendix - A_1 - A_3 45
(Origin and Development of Tolong Siki
- Dr. N. Oraon Sainda)

Appendix - B_1 - B_4 48
(Khurux Grammar - Rev. F. Hahn)

Appendix - C 52
(An English Uraon Dictionary - Rev. C. Bleces)

Appendix - D_1 - D_2 53
(Oraon English Dictionary - A Grinand)

Appendix - E_1 - E_4 55
(Kũrux phonetic Reader - Dr. F. Ekka)

Appendix - F 59
(Improve your Pronumciation - Victor W. Tirkey)

Appendix - G 60
(Oxford Advance Learner's Dictionary & Current English
- A.S. Hornby)

Appendix - H_1 - H_2 61
(Oxford English - Hindi Dictionary)

Appendix - I_1 - I_3
हिन्दी उर्दू डिक्सनरी - अंजुमन उर्दू तरक्की (हिन्द) प्रकाशन 63
Appendix - J_1 - J_2
Santali Dictionary - P.O. Bodding 66
Appendix - K
Santali Folk Tales - P.O. Bodding 68
Appendix - L_1 - L_3
Encyclopedia Mundarica - John Hoffmann, S.J. 69
Appendix - M_1 - M_2
Encyclopedia Mundarica - P. Ponette, S.J. 72
Appendix - N
Ho-English Dictionary - J. Deeney 74
Appendix - O_1 - O_2
खड़िया ध्वनि शास्त्र ; जूलिसय बाऽ 75
Appendix - P
Kheria Os?nlo? - Kharia Sahitya Samiti 77
Appendix - Q
Latin Grammar - J. Van Bogaert, S.J. 78
Appendix - R_1 - R_2
यजुर्वेद-संस्कृति संस्थान, बरेली 79
Appendix - S_1 - S_5
ऋक् सूक्त संग्रहः डॉ हरिदत्त शास्त्री, डॉ कृष्ण कुमार 81
Appendix - T
श्रीशुक्लयजुर्वेदीयरुद्राष्टध्यायी 86
Appendix - U_1 - U_2
लघु सिद्धांत कमौदी : श्रीमद्विद्वद्वर-वरदराचार्यप्रणीता 87
Appendix - V_1 -V_3
संस्कृत सहचर - आचार्य राधामोहन उपाध्याय 89

Appendix - W_1 -W_6
Student's Sanskrit-English Dictionary - V. S. APTE 92

Appendix - X
अंग्रेजी-हिन्दी कोश - फादर कमिल बुल्के 98

Appendix - Y_1 - Y_5 .
Concise Sanskrit-Hindi-English Dictionary - Dr. Uma Prasad Pandey 99

Appendix - Z_1 - Z_4
कत्थ अरा बिल्लिन ईद'उ - डॉ० ख्रिस्त मिखाईल तिग्गा 104

Appendix - AB_1 - AB_4
कुँड़ुख़-कत्थ बिल्ली - पी० सी० बेक 108

Appendix -BC_1 - BC_3
Malto, An ethnosemantic Study - B.P. Mahapatra 112

Appendix - CD_1 - CD_4
कम्प्लीट गिटार गाईड - संगीताचार्य मनोरंजन भारती 115

13. Thought's and opinion (विविध विचार) 119

14. Bibliographi (संदर्भ सूची) 136

कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण

Introduction (एक परिचय)

"कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" का शाब्दिक अर्थ कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण है । भाषा विज्ञान एवं व्याकरण की दृष्टिकोण से भाषा की मूल इकाई ध्वनि है । इस मूल ध्वनि को किसी संकेत से सूचित किये जाने पर वह वर्ण कहलाता है । इसी इकाई ध्वनि एवं संकेत को एक विशेष नाम या उच्चारण से संबोधित करते हुए लिखने-पढ़ने का का किया जाता है । अर्थात् किसी भाषा में उच्चरित मूल इकाई ध्वनि को जबतक आँख की भाषा नहीं बनायी जाती है, तबतक उसे संग्रहित करने तथा समझने-समझाने में कठिनाई होती है । दूसरी ओर एक जनसाधारण अपनी विचारों एवं भावों की अभिव्यक्ति मूँह से बोलकर, या दूसरे की बात को कान से सुनकर समझता एवं बोलता है, जिसे साधारण रूप में संयोकर रखना विशेष तकनीक के बिना मुश्किल है । यही कारण है कि कान की भाषा परिवर्तनशील होती है जबकि आँख की भाषा को स्थायित्व प्रदान होता है । इसी प्रकार यदि आदिवासी भाषा को भी स्थायित्व प्रदान होगा तो उसकी संस्कृति को भी स्थायित्व मिलेगा । अतएव आँख की भाषा (Visual Language) एवं कान की भाषा (Verbal Language) में से ध्वनि ऊर्जा को संग्रहण एवं संवर्द्धन हेतु आँख की भाषा का विकास किया जाना आवश्यक है । इस विद्या को जिस किसी समुदाय ने अपनाया वह आज की तिथि में विकास की ऊँचाई पर है ।

वर्तमान में अब जब आदिवासी समाज विशेषकर उराँव समाज ने कुँड़ुख़ भाषा की लिपि के रूप में "तोलोंङ सिकि" को स्वीकार कर पठन-पाठन का कार्य आरंभ कर दिया है तथा झारखण्ड सरकार एवं झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची से 19 फरवरी 2009 को मैट्रिक परीक्षा में कुँड़ुख़ विषय के प्रश्न पत्र तोलोङ लिपि में लिखने की अनुमति मिलने के पश्चात् सरकारी स्तर पर भी आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है । इस परिस्थिति में हमारे विद्यार्थियों के सामने देवनागरी, रोमन एवं तोलोङ सिकि में लिप्यन्तरण की समस्या आयी, क्योंकि पढ़ने-लिखने वालों के लिए एक लिपि से दूसरे लिपि में लिप्यन्तरण किये जाते समय एक निश्चित मापदण्ड तो होना ही चाहिए । इसी समस्या के समाधान हेतु तोलोङ सिकि को आधार मानकर इन तीनों लिपियों में लिप्यन्तरण किया गया है ।

आशा है हमारे इस प्रयास को आप सभी स्वीकार करेंगे तथा इसके संवर्द्धन हेतु यथोचित मार्गदर्शन दिया करेंगे ।

CHAPTER - I

व्याकरण संबंधी निर्देश

1. 'तोलोङ सिकि' अथवा 'तोलोङ लिपि' एक वर्णात्मक लिपि है । इसे 'रोमन लिपि' की तरह एक के बाद एक लिखा जाता है । यह 'देवनागरी लिपि' में मात्रा चिह्न लगाने की परम्परा से मुक्त है । इस लिपि से किसी शब्द को उसके शब्द-खण्ड (Syllable) के आधार पर लिखा एवं पढ़ा जाता है । जैसे - कमहड़ । इस शब्द में कम् + हड़, दो खण्ड है । इसे तोलोङ सिकि में इस प्रकार लिखा जाता है - [illegible] + [illegible] = [illegible].

2. किसी एक शब्द-खण्ड में व्यंजन वर्ण के साथ कम से कम एक स्वर वर्ण का होना आवश्यक है । बिना स्वर के शब्द-खण्ड पूरा नहीं होता है । जैसे - [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible].

3. किसी शब्द-खण्ड में एक मात्र स्वर रह सकता है किन्तु व्यंजन, स्वर के बिना अकेला नहीं रह सकता । जैसे - [illegible] (ओ+था), [illegible] (ओ+थोर+आ)।

4. किसी शब्द-खण्ड में स्वर के बाद अधिक से अधिक दो व्यंजन हो सकते हैं । जैसे - [illegible] + [illegible] = [illegible] (बर्ह + मा:रना = बर्हमा:रना)।

5. यदि किसी शब्द-खण्ड के प्रथम दोनों आरंभिक वर्ण, व्यंजन हो तो पहला व्यंजन, दूसरे व्यंजन के साथ संयुक्त होकर बाद वाला व्यंजन के स्वर के अनुरूप उच्चरित होता है। जैसे - प्यार - [illegible], क्रिया - [illegible].

6. शब्द-खण्ड का अंतिम वर्ण यदि 'अकारान्त' हो, तो वह स्वर रहित होता है । जैसे - कर्म - [illegible], समान - [illegible]. यहाँ अन्तिम वर्ण म् एवं न् स्वर रहित है, चूंकि शब्द-खण्ड का दोनों अन्तिम वर्ण 'अकारान्त' है ।

7. यदि किसी शब्द में प्रथम शब्द-खंड के बाद शब्द-खंड के रूप में स्वर आए तो उसे पूर्व के शब्द-खंड से अलग दिखलाने के लिए घेतला (') चिह्न दिया जाता है । इसके अतिरिक्त इस चिह्न का प्रयोग वैसे स्थान पर भी होता है जहाँ एक वर्ण प्रथम शब्द-खंड के अंतिम वर्ण के रूप में तथा बाद वाले शब्द खंड के प्रथम वर्ण के रूप में एक ही स्थान पर व्यवस्थित हो । वैसी स्थिति में इसके उच्चारण एवं शब्द-खंड को दिखलाने के लिए घेतला चिह्न (शब्द खंड सूचक चिह्न) दिया जाता है। जैसे - पर्दो - [illegible], पर्दओ - [illegible], बन्ना - [illegible], बनना - [illegible].

8. यदि "प" वर्ग, "त" वर्ग, "ट" वर्ग, "च" वर्ग, "क" वर्ग के निरनुनासिक वर्ण के पहले अनुनासिक ध्वनि आये तो उस स्थान को अपने-अपने वर्ग का पंचम वर्ण स्थान ग्रहण करता है । जैसे - रम्फ, मेन्त, चेण्ठ, पंच, कंक क्रमश: [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] आदि ।

9. यदि य, र, ल, व, स, ह, ख़, ड़, ढ़ आदि के पहले, अनुनासिक ध्वनि हो, तो क्रमश: अपने उच्चारण स्थान के अनुसार अनुनासिक स्वर ध्वनि सूचक स्थान लेता है । अत: इन वर्णों के पूर्व अनुनासिक ध्वनि रहने पर, अनुनासिक स्वर ध्वनि सूचक चिह्न मितला (̇) दिया जाता है । जैसे - [illegible]- [illegible]-[illegible], [illegible]- [illegible]-[illegible], [illegible]- [illegible], [illegible]- [illegible]-[illegible], [illegible]-[illegible], [illegible]- [illegible],

ന - ൻന, ട - ൻടന ; किन्तु कुछ देशज एवं विदेशज शब्दों के प्रयोग में 'स' वर्ण के पूर्व 'न' का भी प्रयोग होता है । जैसे - सन्स - ൭ാൺ൭.

10. यह लिपि वर्णात्मक है इसलिए हलन्त का प्रयोग नहीं होता है ।

11. सेला (:) चिह्न का प्रयोग स्वर के उच्चारण समय को लम्बा करने तथा हेचका (|) का प्रयोग, स्वर को झटके के साथ उच्चारण करने के स्थान पर किया जाता है । जैसे - ൾ:ടന (ए:ड़ा) = बकरी, ൮ാൺന (बअ्ना) = बोलना ।

12. कुछ देशज एवं विदेशज ध्वनियाँ हैं, जिनका उच्चारण सीखना चाहिए, जिससे दूसरी भाषाओं को भी सही-सही बोला एवं लिखा जा सके । इसके लिए कुछ ध्वनि चिह्न के साथ ध्वनि मान दिया गया है । जैसे - ൮ാൻ (बॉल), ൭ാഖാഗ (फ़ादर), ൭ാഗൾ (शरीफ़ा)।

13. मितला (ं) का प्रयोग देवनागरी लिपि के चन्द्र बिन्दु (ँ) के स्थान पर होता है अर्थात मितला चिह्न अनुनासिक स्वर सूचक है, जबकि देवनागरी लिपि के बिन्दु (ं) चिह्न का प्रयोग अपने-अपने वर्ग के वर्णों से पहले व्यवहारित पंचम वर्ण का द्योतक है यथा व्यंजन वर्ण का द्योतक है । जैसे- ാടന, ാന, ാനന, ൻൾ:ൾ, ൻൾ:ൻൾ, ൻന, ൮ൾ:ടൾ, ൺടന ൺടനൾ.

14. शब्द के अन्त में यदि अकारान्त संयुक्त 'र' हो, तो 'र' के पूर्व वर्ण में रेवाँ 'र' देकर लिखा जाता है, जैसे- राष्ट्र - ഗാൾ, मित्र - ഖൾ, वक्र - ഗാൾ.

15. देवनागरी लिपि से कुँड़ुख़ भाषा के सभी ध्वनियों को ज्यों का यों लिखने में कठिनाई होती है । अतएव देवनागरी लिपि के मूल सिद्धांत 'एक ध्वनि एक संकेत' के अनुसार तथा पुनरूक्ति दोष से बचने हेतु प्रचलित ध्वनि चिह्न के नीचे या ऊपर 'भाषा विज्ञान एवं तकनीकि सम्मत,' पूरक चिह्न देकर पढ़ने एवं लिखने के तरीके को इस प्रस्तुति में अपनाया गया है जैसा कि उर्दू भाषा के ध्वनियों को दिखलाने के लिए देवनागरी अक्षर के नीचे विन्दु देने की मान्यता है । जैसे - क़, ख़, ग़, ब़, फ़, ज़, व़ आदि । कुँड़ुख़ भाषा के ध्वनियों के लिए पूरक चिह्न का प्रयोग इस प्रकार किया गया है :-

(क) दिगहा सरह (Long Phone) को दिखलाने के लिए दिगहा ए एवं दिगहा ओ ध्वनि को क्रमश: ए: तथा ओ: की तरह लिखकर पढ़ा एवं समझा गया है। फादर कामिल बुल्के की पुस्तक "अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश" में अक्षर के बाद ' : ' (कॉलन) चिह्न देकर दिगहा सरह (Long Phone) को दिखलाने के लिए व्यवहार किया गया है । इस पद्धति को हिन्दी साहित्य के विद्वान डॉ० दिनेश्वर प्रसाद द्वारा भी समर्थन किया गया है। जैसे - कों:ड़ा-कों:ड़ा, मो:ड़ा, ओ:ड़ा, ए:ड़ा, ते:ला, मो:ख़ो आदि ।

(ख) हेचका हरह (Glotal stop) को दिखलाने के लिए 'अ्' चिह्न का व्यवहार किया गया है । जैसे - रअ्ना, बअ्ना, चिअ्ना, बिअ्ना नेअ्ना, खेअ्ना, होअ्ना, चोअ्ना आदि ।

(ग) कुँड़ुख़ भाषा की उच्चारण विशेषता को दिखलाने के लिए घेतला चिह्न (') यानि शब्दखण्ड सूचक चिह्न दिया गया है। जैसे - बरई - बर'ई, कमई - कम'ई इत्यादि ।

(घ) कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को, 'रोमन लिपि' में लिप्यन्तरण हेतु स्व० डॉ० फ्रांसिस एक्का (पूर्व प्राध्यापक एवं निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसुर) के 6 (six) vowel concept के सिद्धांत को स्वीकार किया जाना चाहिए, जो प्रयोग की दृष्टि से उत्तम है। इस सिद्धांत के अनुसार छठवाँ vowel के रूप में A या a के नीचे पड़ी लकीर देकर लिखा गया है । जैसे :- i, e, u, o, a, a̲ यथा अ = a, आ = a̲, अँ = ã, आँ = ã̲ आदि ।

CHAPTER - II

कुँड़ुख़ ध्वनि एवं औच्चारणिक विवेचना

Kũṛux phones and Articulatory Discription

ᑭ (इ) - संवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑭ: (इ:) - संवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑭ̇ (इँ) - संवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑭ̇: (इँ:) - संवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑫ (ए) - अर्द्धसंवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑫ: (ए:) - अर्द्धसंवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑫ̇ (इँ) - अर्द्धसंवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑫ̇: (इँ:) - अर्द्धसंवृत, सघोष, आवृतमुखी, अग्र, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑯ (उ) - संवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑯ: (उ:) - संवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑯ̇ (उँ) - संवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑯ̇: (उँ:) - संवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑰ (ओ) - अर्द्धसंवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑰ: (ओ:) - अर्द्धसंवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑰ̇ (ओं) - अर्द्धसंवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑰ̇: (ओं:) - अर्द्धसंवृत, सघोष, वृतमुखी, पश्च, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑲ (अ) - अर्द्धविवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑲ: (अ:) - अर्द्धविवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑲ̇ (अँ) - अर्द्धविवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑲ̇: (अँ:) - अर्द्धविवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑲ (आ) - विवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, मौखिक, सन्नी सरह ।
ᑲ: (आ) - विवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, मौखिक, दिगहा सरह ।
ᑲ̇ (आँ) - विवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, नासिक्य, सन्नी सरह ।
ᑲ̇: (आँ:) - विवृत, सघोष, आवृतमुखी, पश्च, नासिक्य, दिगहा सरह ।
ᑌ (प्) - ओष्ठ्य, स्पर्शी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
ᑌ (फ्) - ओष्ठ्य, स्पर्शी, अघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
ᑌ (ब्) - ओष्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।

൭ (भ्) - ओष्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൬ (म्) - ओष्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൫ (त्) - दंत्य, स्पर्शी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൪ (थ्) - दंत्य, स्पर्शी, अघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൩ (द्) - दंत्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൨ (ध्) - दंत्य, स्पर्शी, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൧ (न्) - दंत्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൦ (ट्) - मूर्द्धन्य, स्पर्शी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൯ (ठ्) - मूर्द्धन्य, स्पर्शी, अघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൮ (ड्) - मूर्द्धन्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൭ (ढ्) - मूर्द्धन्य, स्पर्शी, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൬ (ण्) - मूर्द्धन्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൫ (च्) - तालव्य, स्पर्श - संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൪ (छ्) - तालव्य, स्पर्श - संघर्षी, अघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൩ (ज्) - तालव्य, स्पर्श - संघर्षी, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൨ (झ्) - तालव्य, स्पर्श - संघर्षी, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൧ (ञ्) - तालव्य, स्पर्श - संघर्षी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൦ (क्) - कण्ठ्य, स्पर्शी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൯ (ख्) - कण्ठ्य, स्पर्शी, अघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൮ (ग्) - कण्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൭ (घ्) - कण्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൬ (ङ्) - कण्ठ्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൫ (य्) - तालव्य, संघर्षहीन-सप्रवाही, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक अर्द्धस्वर व्यंजन ।
൪ (र्) - वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൩ (ल्) - वर्त्स्य, पार्श्विक, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൨ (व्) - दंतोष्ठ्य, संघर्षहीन-सप्रवाही, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक अर्द्धस्वर व्यंजन ।
൧ (ऋ) - तालव्य, स्पर्शी, सघोष, अल्पप्राण, नासिक्य व्यंजन ।
൦ (स्) - वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൯ (ह्) - स्वरयंत्रमुखी, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൮ (ख़्) - जिह्वामूलीय, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൭ (ड़्) - मूर्द्धन्य, उत्क्षिप्त, सघोष, अल्पप्राण, मौखिक व्यंजन ।
൬ (ढ़्) - मूर्द्धन्य, उत्क्षिप्त, सघोष, महाप्राण, मौखिक व्यंजन ।
। (तला) - स्वरयंत्र मुख स्पर्शी, व्यंजन ।

CHAPTER - III
VOWELS

Tolong siki (तोलोङ सिकि)	-	**Roman script** (रोमन लिपि)	-	**Devanagri lipi** (देवनागरी लिपि)
		1. Short oral vowel -		
𞤤	-	i	-	इ
𞤥	-	e	-	ए
𞤦	-	u	-	उ
𞤧	-	o	-	ओ
𞤨	-	a	-	अ
𞤩	-	a̲	-	आ
		2. Short nasal vowel -		
𞤤̃	-	ĩ	-	इँ
𞤥̃	-	ẽ	-	एँ
𞤦̃	-	ũ	-	उँ
𞤧̃	-	õ	-	ओं
𞤨̃	-	ã	-	अँ
𞤩̃	-	ã̲	-	आँ
		3. Long oral vowel -		
𞤤:	-	i:	-	इः
𞤥:	-	e:	-	एः
𞤦:	-	u:	-	उः
𞤧:	-	o:	-	ओः
𞤨:	-	a:	-	अः
𞤩:	-	a̲:	-	आः
		4. Long nasal vowel -		
𞤤̃:	-	ĩ:	.	इँः
𞤥̃:	-	ẽ:	.	एँः
𞤦̃:	-	ũ:	.	उँः
𞤧̃:	-	õ:	.	ओंः
𞤨̃:	-	ã:	.	अँः
𞤩̃:	-	ã̲:	.	आँः

5. Oral diphthong -

꠰꠹	-	ai	-	अइ
꠰꠺	-	au	-	अउ
꠰꠵	-	ay	-	अय
꠰꠶	-	aw	-	अव
꠹꠺	-	iu	-	इउ
꠹꠵	-	iy	-	इय
꠹꠶	-	iw	-	इव
꠺꠹	-	ui	-	उइ
꠺꠵	-	uy	-	उय
꠺꠶	-	uw	-	उव
꠸꠹	-	ei	-	एइ
꠸꠺	-	eu	-	एउ
꠸꠵	-	ey	-	एय
꠸꠶	-	ew	-	एव
꠼꠹	-	oi	-	ओइ
꠼꠺	-	ou	-	ओउ
꠼꠵	-	oy	-	ओय
꠼꠶	-	ow	-	ओव
꠰꠹	-	<u>a</u>i	-	आइ
꠰꠺	-	<u>a</u>u	-	आउ
꠰꠵	-	<u>a</u>y	-	आय
꠰꠶	-	<u>a</u>w	-	आव

6. Nasal diphthong -

꠰꠹	-	ãi	-	अँइ
꠰꠺	-	ãu	-	अँउ
꠰꠵	-	ãy	-	अँय
꠰꠶	-	ãw	-	अँव
꠹꠺	-	ĩu	-	इँउ
꠹꠵	-	ĩy	-	इँय
꠹꠶	-	ĩw	-	इँव
꠺꠹	-	ũi	-	उँइ
꠺꠵	-	ũy	-	उँय

ঁব	-	ũw	-	उँव
ঁই	-	ẽi	-	एँइ
ঁউ	-	ẽu	-	एँउ
ঁয	-	ẽy	-	एँय
ঁব	-	ẽw	-	एँव
ঁই	-	õi	-	ओंइ
ঁউ	-	õu	-	ओंउ
ঁয	-	õy	-	ओंय
ঁব	-	õw	-	ओंव
াঁই	-	ãi	-	आँइ
াঁউ	-	ãu	-	आँउ
াঁয	-	ãy	-	आँय
াঁব	-	ãw	-	आँव

CHAPTER - IV
CONSONANTS

1. Primary consonant

ক	-	p	-	प्
খ	-	ph	-	फ्
গ	-	b	-	ब्
ঘ	-	bh	-	भ्
ঙ	-	m	-	म्
চ	-	t	-	त्
ছ	-	th	-	थ्
জ	-	d	-	द्
ঝ	-	dh	-	ध्
ঞ	-	n	-	न्
ট	-	ṭ	-	ट्
ঠ	-	ṭh	-	ठ्
ড	-	ḍ	-	ड्
ঢ	-	ḍh	-	ढ्
ণ	-	ṇ	-	ण्
চ	-	ch	-	च्

ൟ	-	chh	-	छ्
ൠ	-	j	-	ज्
ൡ	-	jh	-	झ्
ൢ	-	n̈	-	ञ्
ൣ	-	k	-	क्
൤	-	kh	-	ख्
൥	-	g	-	ग्
൦	-	gh	-	घ्
൧	-	ṅ	-	ङ्
൨	-	y	-	य्
൩	-	r	-	र्
൪	-	l	-	ल्
൫	-	w	-	व्
൬	-	n̤	-	ऩ्
൭	-	s	-	स्
൮	-	h	-	ह्
൯	-	x	-	ख़्
൰	-	ṛ	-	ड़्
൱	-	ṛh	-	ढ़्

2. Compound consonant

൲	-	pp	-	प्प्
൳	-	pph	-	प्फ्
൴	-	bb	-	ब्ब्
൵	-	bbh	-	ब्भ्
൶	-	mm	-	म्म्
൷	-	tt	-	त्त्
൸	-	tth	-	त्थ्
൹	-	dd	-	द्द्
ൺ	-	ddh	-	द्ध्
ൻ	-	nn	-	न्न्
ർ	-	t̤t̤	-	ट्ट्
ൽ	-	t̤t̤h	-	ट्ठ्
ൾ	-	d̤d̤	-	ड्ड्

ಡಢ	-	ḍḍh	-	ड्ढ्
ಣಣ	-	ṇṇ	-	ण्ण्
ಚಚ	-	chch	-	च्च्
ಚಛ	-	chchh	-	च्छ्
ಜಜ	-	jj	-	ज्ज्
ಜಝ	-	jjh	-	ज्झ्
ಕಕ	-	kk	-	क्क्
ಕಖ	-	kkh	-	क्ख्
ಗಗ	-	gg	-	ग्ग्
ಗಘ	-	ggh	-	ग्घ्
ಯಯ	-	yy	-	य्य्
ರರ	-	rr	-	र्र्
ಲಲ	-	ll	-	ल्ल्
ವವ	-	ww	-	व्व्
ಸಸ	-	ss	-	स्स्

CHAPTER - V

Glottal stop (। - ऽ - अ्)

1. Oral glottal stop

ಏ।	-	इअ्
ಎ।	-	एअ्
ಉ।	-	उअ्
ಒ।	-	ओअ्
ಅ।	-	अअ्
ಆ।	-	आअ्

2. Nasal glottal stop

ಏಁ।	-	इँअ्
ಎಁ।	-	एँअ्
ಉಁ।	-	उँअ्
ಒಁ।	-	ओंअ्
ಅಁ।	-	अँअ्
ಆಁ।	-	आँअ्

CHAPTER - VI

Arrangement of alphabets in word

1. ᱜᱤᱞᱟᱜᱟ (कइल'गा)
क् + अ + इ + ल् + ग् + आ (हिज्जा)
k + a + i + l + g + a̲ (arrangement of alphabets)

2. ᱠᱤᱚᱞᱚᱛᱟᱚᱛ (हिन्दुस्तान)
ह् + इ + न् + द् + उ + स् + त् + आ + न्
h + i + n + d + u + s + t + a̲ + n

3. ᱵᱤᱞᱚᱞᱟᱠᱟᱞ (विद्यालय)
व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य्
v + i + d + y + a̲ + l + a + y

4. ᱨᱟᱸᱪᱤ (राँची)
र् + आँ + च् + ई
r + ã̲ + ch + i

5. ᱡᱟᱢᱥᱚᱞᱚᱠᱤ (जमशेदपुर)
ज् + अ + म् + श् + ए + द् + प् + उ + र्
j + a + m + sh + e + d + p + u + r

6. ᱚᱟᱠᱭᱟᱞᱚᱟ (दरभंगा)
द् + अ + र् + भ् + अ + ङ् + ग् + आ
d + a + r + bh + a + ṅ + g + a̲

7. ᱚᱠᱞᱚᱜᱟ (दुमका)
द् + उ + म् + क् + आ
d + u + m + k + a̲

8. ᱜᱤᱠᱤᱫᱤᱠ (गिरिडीह)
ग् + इ + र् + इ + ड् + ई + ह्
g + i + r + i + d + i + h

9. ᱜᱟᱚᱟ (गया)
ग् + अ + य् + आ
g + a + y + a̲

10. ᱧᱟᱚᱞᱟᱚᱛ (धनबाद)
ध् + अ + न् + ब् + आ + द्
dh + a + n + b + a̲ + d

11. ᱚᱢᱟᱚᱟ (नेअ्ना)
न् + ए + अ् + ना
n + e + ? + n + a̲

12. ᱟᱞᱟᱠᱦᱟᱚᱟ (अलखताअ्ना)
अ + ल् + अ + ख् + त् + आ + अ् + न् + आ
a + l + a + kh + t + a̲ + ? + n + a̲

CHAPTER - VII

Phonetic drill

1. Use of short and long 'i' (ಿ).

ಿಚಿನಾ	-	ichna	-	इचना	=	रोपना
ಿಋಿನಾ	-	irna	-	इड़ना	=	भूनना
ತಿತಿರ	-	titir	-	तितिर	=	तीतर
ತಿರಿಯೊ	-	tiryo	-	तिरयो	=	बाँसुरी
ಬಿಋಿನಾ	-	birna	-	बिड़ना	=	धूप
ಬೀಃಋಿನಾ	-	b̃irna	-	बींःड़ना	=	बिस्तार करना
ಿಃರಿ	-	i:ri	-	ईःरी	=	देखती है
ಕ್ಷಿಃರಿ	-	xi:ri	-	ख़ीःरी	=	कहानी
ಕಿಃಟಾ	-	ki:ṭa	-	कीःड़ा	=	भूख
ತಿಃನಿ	-	ti:ni	-	तीःनी	=	मधुमक्खी
ಬಿಃರಿ	-	bi:ṛi	-	बीःड़ी	=	सूर्य
ಬೀಃರಿ	-	b̃i:ṛi	-	बींःड़ी	=	रानी

2. Use of short and long 'e' (ೆ).

ೆಎಪಾ	-	erpa	-	एड़पा	=	घर
ೆತ್ತಿನಾ	-	ettna	-	एत्तना	=	उतरना
ಢೆರಾ	-	dhera	-	ढेरा	=	ढेरा
ಮೆಲಾ	-	mela	-	मेला	=	मेला
ಕೆಎಡಾ	-	kera	-	केड़ा	=	केला
ಡೆನಾ	-	dena	-	डेना	=	डैना
ಟೆಟೆ	-	tete	-	टेटे	=	फतिंगा
ೇಃಋಾ	-	e:rā	-	एःड़ा	=	बकरी
ೇಃರಾ	-	e:ra	-	एःरा	=	देखो
ಕ್ಷೇಃತಾ	-	xe:ta	-	ख़ेःता	=	दोना
ಪೇಃಠ	-	pe:th	-	पेःठ	=	बाजार
ಮೇಃರ	-	me:r	-	मेःर	=	धागा
ಕ್ಷೇಃರ	-	xe:r	-	ख़ेःर	=	मुर्गी
ಕ್ಷೇಂಃಸ	-	x̃e:s	-	ख़ेंःस	=	खून
ತೇಃಲಾ	-	te:la	-	तेःला	=	केन्द

3. Use of short and long 'u' (ᴚ).

ᴚᴗᴘ	-	ugi	-	उगी	=	सिका
ᴚᴗᴖᴛ	-	ugta	-	उगता	=	हल
ᴚᴗᴖᴛᴙ	-	umtaha	-	उमतहा	=	पागल
ᴗᴚᴗᴛ	-	muka	-	मुका	=	घुटना
ᴙᴚᴗᴛ	-	huka	-	हुका	=	हुक्का
ᴙᴚᴗᴛ	-	hu:da	-	हुदा	=	ख्याति
ᴗᴚᴗᴗᴛ	-	mukka	-	मुक्का	=	औरत
ᴗᴚᴛᴛᴛ	-	kulla	-	कुल्ला	=	छाता
ᴗᴚᴛᴛᴛ	-	nolla	-	नोल्ला	=	छानो
ᴚ:ᴛᴛ	-	u:ra	-	ऊरा	=	झिंगुर
ᴚ:ᴖᴛ	-	u:xa	-	ऊख़ा	=	अंधेरा
ᴚ:ᴛᴚ	-	u:ru	-	ऊ:रू	=	गोबरैला
ᴗᴚ̇:ᴗ	-	pũ:p	-	पूँ:प	=	फूल
ᴗᴚ:ᴛᴚ	-	pu:ru	-	पू:रू	=	पागल
ᴗᴚ:ᴖᴘ	-	mu:xi	-	मू:ख़ी	=	खाती है
ᴗᴚ:ᴛᴘ	-	mu:li	-	मू:ली	=	जड़
ᴗᴚ:ᴛᴘ	-	dhu:li	-	धू:ली	=	धूल
ᴗᴚ:ᴗᴘ	-	ku:bi	-	कू:बी	=	कुआँ

4. Use of short and long 'o' (ᴚ).

ᴚᴗᴗᴛ	-	osga	-	ओसगा	=	मूस
ᴚᴛᴚᴖ	-	orot	-	ओरोत	=	अकेला
ᴚᴛᴗᴛᴛ	-	ormar	-	ओरमर	=	सभी
ᴖᴚᴖᴚᴛ	-	xochol	-	ख़ोचोल	=	हड्डी
ᴗᴚᴛᴛ	-	gola	-	गोला	=	गेहुँवा रंग
ᴙᴚᴛᴛ	-	hola	-	होला	=	हलुवा
ᴖᴚᴗᴛ	-	ṭona	-	टोना	=	गाँठ
ᴖᴚᴗᴛ	-	jhopa	-	झोपा	=	गुच्छा
ᴗᴚᴛᴛ	-	dowa	-	दोवा	=	दुआ
ᴚ:ᴘᴛ	-	o:ṛa	-	ओ:ड़ा	=	चिड़ियां
ᴚ:ᴗᴛ	-	o:sa	-	ओ:सा	=	मसरूम
ᴗᴚ:ᴘᴛ	-	mo:ra	-	मो:ड़ा	=	मोरा

ഗ്ര:ഴ്ന	-	no:ṛa	-	नो:ड़ा	=	धोओ
ല്ര:ഗ്ന	-	mo:cha	-	मो:चा	=	काटो
ല്ര:ന്ന	-	mo:xa	-	मो:ख़ा	=	खाओ
ല്ര:ങ്ര	-	bo:lo	-	बो:लो	=	नवजात
ധ്ര:ഡ്ര	-	go:do	-	गो:दो	=	घड़ियाल
ഗ്ര:ധ്യ	-	ro:ge	-	रो:गे	=	रोग

5. Use of short and long 'a' (า).

ാ്ര	-	ayang	-	अयङ	=	माँ
ാ്ന	-	ana	-	अना	=	हे
ാ്ന	-	atxa	-	अतख़ा	=	पत्ता
ാ്ഡ്ഗ	-	adin	-	अदिन	=	उसे
ാ്ല്ഴ	-	amṛi	-	अमड़ी	=	माँड़
ാ്ത്ല	-	asma	-	असमा	=	रोटी
ാ്ഴ്ന	-	aṛxa	-	अड़ख़ा	=	साग
ാ്ഹ്ഴ	-	ahṛa	-	अहड़ा	=	मांस
ഗാ്ങാ	-	kalay	-	कलय	=	जाओ (स्त्री०)
ഗാ്ങ	-	kala	-	कला	=	जाओ (पु०)
ലാ്ഗ	-	bara	-	बरा	=	आओ
ലാ്ല	-	baba	-	बबा	=	पिताजी
ല്ര	-	maya	-	मया	=	दया
ല്ര	-	paya	-	पया	=	ताकत
ഗാ്ന	-	tatxa	-	ततख़ा	=	जीभ
ഗാ്ന	-	ṭaṭxa	-	टटख़ा	=	आम
ഗാ:ങ	-	ka:w	-	क:व	=	जाएगी
ഡാ:ങ	-	da:w	-	द:व	=	अच्छा

6. Use of short and long 'a' (ന).

ന്ദ	-	al	-	आल	=	आदमी
ന്ഗ	-	chak	-	चाक	=	चक्का
ന്ഴ	-	xaṛ	-	ख़ाड़	=	नदी
ധ്ന	-	gan̄	-	गाञ़	=	ढेर
ശ്ന	-	khar	-	खार	=	नमकीन
ശ്ന	-	ghagh	-	घाघ	=	जलप्रपात
ശ്ന	-	ghaṭo	-	घाटो	=	घाटो पक्षी

ꠀ꠰ꠇꠋ	-	a:las	-	आ:लस	=	पुरुष
ꠀ꠰ꠇꠔ	-	a:li	-	आ:ली	=	महिला
ꠀ꠰ꠋ	-	a:s	-	आ:स	=	वह (पुलिंग)
ꠀ꠰ꠌ	-	a:d	-	आ:द	=	वह (स्त्रीलिंग)
ꠀ꠰ꠇꠖ	-	a:lar	-	आ:लर	=	आदमी लोग
ꠁꠀ꠰ꠁꠀ	-	xa:xa	-	ख़ा:ख़ा	=	चिड़िया
ꠂꠀ꠰ꠄꠀ	-	ta:ka	-	ता:का	=	हवा
ꠃꠀ꠰ꠅꠀ	-	ḍa:ṛa	-	डा:ड़ा	=	डाली
ꠄꠀ꠰ꠌꠀ	-	pa:da	-	पा:दा	=	जड़
ꠇꠀ꠰ꠂꠀ	-	la:ta	-	ला:ता	=	बिल
ꠂꠀ꠰ꠃꠔ	-	ta:chi	-	ता:ची	=	फूआ

7. Primary consonant :-

ꠄ	-	प्	-	ꠄꠀꠄꠇꠀ	-	papla	-	पपला
꠆	-	फ्	-	꠆ꠇꠖꠀ	-	pharsa	-	फरसा
ꠅ	-	ब्	-	ꠅꠇꠔ	-	bali	-	बली
꠆	-	भ्	-	꠆ꠇꠌꠅꠔ	-	bhadṛi	-	भदड़ी
ꠇ	-	म्	-	ꠇꠇꠃꠀ	-	macha	-	मचा
ꠂ	-	त्	-	ꠂꠂꠁꠀ	-	tatxa	-	ततख़ा
ꠃ	-	थ्	-	ꠃꠇꠀ	-	thaṛa	-	थड़ा
ꠌ	-	द्	-	ꠌꠇꠇꠔ	-	dauli	-	दउली
ꠍ	-	ध्	-	ꠍꠇꠄꠇ	-	dhanu	-	धनु
ꠎ	-	न्	-	ꠎꠇꠅꠀ	-	naṛga	-	नड़गा
ꠏ	-	ट्	-	ꠏꠏꠁꠀ	-	ṭaṭxa	-	टटख़ा
ꠐ	-	ठ्	-	ꠐꠇꠄꠔ	-	ṭharki	-	ठरकी
ꠑ	-	ड्	-	ꠑꠇꠅꠀ	-	ḍauṛa	-	डउड़ा
ꠒ	-	ढ्	-	ꠒꠇꠖꠀ	-	ḍhera	-	ढेरा
ꠓ	-	ण्	-	ꠓꠇꠎꠔ	-	maṇḍi	-	मण्डी
ꠔ	-	च्	-	ꠔꠇꠄꠔ	-	chalki	-	चलकी
ꠕ	-	छ्	-	ꠕꠏꠄꠀ	-	chhaṭka	-	छटका
ꠖ	-	ज्	-	ꠖꠂꠀ	-	jata	-	जता
ꠗ	-	झ्	-	ꠗꠇꠎꠀ	-	jhaṇḍa	-	झण्डा
ꠘ	-	ञ्	-	ꠘꠔꠘꠀ	-	Chiṅa	-	चिञा
ꠙ	-	क्	-	ꠙꠇꠅꠝ	-	kakṛo	-	ककड़ो
ꠚ	-	ख्	-	ꠚꠇꠄꠀ	-	kharpa	-	खरपा

ಘ	-	ग्	-	ಘಾಲಛ॥	-	gamchha	-	गमछा
ಘ	-	घ्	-	ಘಾಳಿ	-	ghari	-	घड़ी
ಲ	-	ड्	-	ದೞಲ॥	-	dona	-	डोङा
ಽ	-	य्	-	ಗಿಽಽ॥	-	kiya	-	किया
ಱ	-	र्	-	ಱಾಭಳಿ	-	rasri	-	रसड़ी
ಶ	-	ल्	-	ಶಾಠಠು	-	lattu	-	लट्टू
ಙ	-	व्	-	ಧಾಙ॥	-	jawa	-	जवा
ಸ	-	ञ्	-	ಙಾಸ॥	-	mana	-	मञा
ಭ	-	स्	-	ಭಁಳಭಿ	-	sarsi	-	सँड़सी
ಹ	-	ह्	-	ಹಾಳಗ॥	-	harka	-	हड़का
೧	-	ख़्	-	೧ಾಱಱ	-	xann	-	ख़न्न
ಳ	-	ड़्	-	ಲಾಳ॥	-	bara	-	बड़ा
ಳ	-	ढ़्	-	ಘಾಳಎ	-	garhe	-	गढ़े

8. Compound consonants :-

ಪಪ	-	प्प्	-	ಗಾಪಪ॥	-	kappa	-	कप्पा
ಪಭ	-	प्फ्	-	೩ೞಪಭ॥	-	doppha	-	दोप्फा
ಲಲ	-	ब्ब्	-	ಧಾಲಲ॥	-	jabba	-	जब्बा
ಲಭ	-	ब्भ्	-	ಶಎಲಭ॥	-	lebbha	-	लेब्भा
೩೩	-	म्म्	-	೧೩೩	-	amm	-	अम्म
೧೧	-	त्त्	-	ಬಾ೧೧॥	-	patta	-	पत्ता
೧೨	-	त्थ्	-	ಀ೧೨॥	-	ottha	-	ओत्था
೩೩	-	द्द्	-	೧೩೩	-	addi	-	अद्दी
೩೫	-	द्ध्	-	ಶಾ೩೫ಳ	-	laddhar	-	लद्धड़
ನನ	-	न्	-	೩ಾನನ	-	mann	-	मन्न
ಠಠ	-	ट्ट्	-	೧ಠಠ॥	-	atta	-	अट्टा
ಠಢ	-	ट्ठ्	-	ಶಾಠಢ॥	-	lattha	-	लट्ठा
ಧಧ	-	ड्ड्	-	೧ಧಧ॥	-	adda	-	अड्डा
ಧಢ	-	ड्ढ्	-	ಶಀಧಢಀ	-	loddho	-	लोड्ढो
ಣಣ	-	ण्ण्	-	೩ಾಣಣಧಿ	-	manndi	-	मण्णडी
ಚಧ	-	च्च्	-	ಬಾಧಧ॥	-	pachcha	-	पच्चा
ಧಢ	-	च्छ्	-	೩೪ಧಢ॥	-	mechchha	-	मेच्छा
ಧಧ	-	ज्ज्	-	ಀಧಧ॥	-	ojja	-	ओज्जा
ಧಢ	-	ज्झ्	-	ಲಾಧಢಣ॥	-	bajjhra	-	बज्झरा

ക്ക	-	क्क्	-	മാക്കാ	-	makka	-	मक्का
ക്ഖ	-	क्ख्	-	തോക്കാ	-	tokkha	-	तोक्खा
ഗ്ഗ	-	ग्ग्	-	അഗ്ഗി	-	aggi	-	अग्गी
ഗ്ഘ	-	ग्घ्	-	ലഗ്ഘരാ	-	lagghra	-	लग्घरा
യ്യ	-	य्य्	-	കിയ്യാ	-	kiyya	-	किय्या
ര്ര	-	र्र्	-	ചര്രാ	-	charra	-	चर्रा
ല്ല	-	ल्ल्	-	നല്ലാ	-	nolla	-	नोल्ला
വ്വ	-	व्व्	-	ഹവ്വാ	-	hawwa	-	हव्वा
സ്സ	-	स्स्	-	ലസ്സാ	-	lassa	-	लस्सा

9. Diphthongs :-

അഇ	-	अइ	-	ബൈക്ലാ	-	baikla	-	बइक'ला
അഉ	-	अउ	-	ദൗരാ	-	daura	-	डउड़ा
അയ	-	अय	-	കയർ	-	kair	-	कैर(कय्र)
അവ	-	अव	-	നൗർ	-	nawr	-	नौर(नव्र)
ഇഉ	-	इउ	-	ഇണ്ടാ	-	iunda	-	इउन्दा
ഇയ	-	इय	-	കിയ്യാ	-	kiyya	-	किय्या
ഇവ	-	इव	-	ഇവ്ന്ദാ	-	iwnda	-	इवन्दा
എഇ	-	एइ	-		-		-	
എഉ	-	एउ	-		-		-	
എയ	-	एय	-		-		-	
എവ	-	एव	-	എവ്ന്ദാ	-	ewnda	-	एवन्दा
ഉഇ	-	उइ	-	കുയ്ലാ	-	kuila	-	कुइला
ഉയ	-	उय	-	ഉയ്ന	-	uyna	-	उयना
ഉവ	-	उव	-		-		-	
ഒഇ	-	ओइ	-	കൊയ്രി	-	koiri	-	कोइरी
ഒഉ	-	ओउ	-		-		-	
ഒയ	-	ओय	-	ഒയ	-	oy	-	ओय
ഒവ	-	ओव	-		-		-	
ആഇ	-	आइ	-		-		-	
ആഉ	-	आउ	-		-		-	
ആയ	-	आय	-		-		-	
ആവ	-	आव	-		-		-	

CHAPTER - VIII

Presentation of short & long vowel in word

		Short vowel	-	Long vowel		
i	-	tiryo (तिरयो)	-	i:	-	ti:na̲ (ती:ना)
ĩ	-	chĩcho (चिंचो)	-	ĩ:	-	chĩ:cho (चीं:चो)
e	-	mesga̲ (मेसगा)	-	e:	-	te:la̲ (ते:ला)
ẽ	-	sẽs (सेंस)	-	ẽ:	-	pẽ:ṛe (पें:ड़े)
u	-	kubi (कुबी)	-	u:	-	ku:bi (कू:बी)
ũ	-	kũṛa̲ (कुँड़ा)	-	ũ:	-	kũ:ṛ (कूँ:ड़)
o	-	mosga̲ (मोसगा)	-	o:	-	mo:ṛa̲ (मो:ड़ा)
õ	-	kõhṛa̲ (कोंहड़ा)	-	õ:	-	kõ:ṛa̲ (कों:ड़ा)
a	-	asma̲ (असमा)	-	a:	-	a:w (अ:व)
ã	-	ãṭa̲ (अँटा)	-	ã:	-	ã:t (अँ:त)
a̲	-	a̲l (आल)	-	a̲:	-	a̲:lo (आ:लो)
ã̲	-	ã̲ch (आँच)	-	ã̲:	-	ã̲:ṛko (आँ:ड़को)

CHAPTER - IX

Glottal stop, short & long vowel in word

Glottal stop - Short vowel - Long vowel



CHAPTER - X

Similar looking words

(bitna̲)	-	(bi:tna̲)
(chipna̲)	-	(chi:pna̲)
(biṛi)	-	(bi:ṛi)
(biṛi)	-	(bĩ:ṛi)
(pesna̲)	-	(pe:sna̲)
(kẽsa̲)	-	(kẽ:sa̲)
(kubi)	-	(ku:bi)
(kuṭi)	-	(ku:ṭi)
(bolo)	-	(bo:lo)
(chocha̲)	-	(cho:cha̲)
(kaws)	-	(ka:w)
(a̲l)	-	(a̲:las)
(a̲li)	-	(a̲:lid)
(a̲lo)	-	(a̲:lod)
(ka̲lo)	-	(ka̲:lo)
(mejhra̲)	-	(me:jhra̲)

CHAPTER - XI

हिन्दी शब्दों का तोलोङ सिकि में लिप्यन्तरण

(देवनागरी लिपि) - (तोलोङ सिकि)



अ	-
आ, ा	-
इ, ि	-
ई, ी	-
उ, ु	-
ऊ, ू	-
ए, े	-
ऐ, ै	-
ओ, ो	-
औ, ौ	-
अं	-

अः	-	ๅ
अँ	-	ๆ
आँ	-	ๆ
इँ	-	ๆ
ईं	-	ๆ
उँ	-	ๆ
ऊँ	-	ๆ
एँ	-	ๆ
ऐं	-	ๆ
ओं	-	ๆ
औं	-	ๆ
ऑ	-	ๆ
ऽ	-	๊ (अ्)
अ्	-	๊ (अ्)
क्	-	๊
ख्	-	๊
ग्	-	๊
घ्	-	๊
ङ्	-	๊
च्	-	๊
छ्	-	๊
ज्	-	๊
झ्	-	๊
ञ्	-	๊
ट्	-	๊
ठ्	-	๊
ड्	-	๊
ढ्	-	๊
ण्	-	๊
त्	-	๊
थ्	-	๊
द्	-	๊

ध्	-	ಧ	
न्	-	ನ	
प्	-	ಪ	
फ्	-	ಫ	
ब्	-	ಬ	
भ्	-	ಭ	
म्	-	ಮ	
य्	-	ಯ	
र्	-	ರ	
ल्	-	ಲ	
व्	-	ವ	
श्	-	ಶ	हिन्दी–संस्कृत
स्	-	ಸ	
ष्	-	ಷ	हिन्दी–संस्कृत
ह्	-	ಹ	
क्ष् (क् + ष्)	-	ಕ್ಷ	
त्र् (त् + र्)	-	ತ್ರ	
ज्ञ् (ज् + ञ्)	-	ಜ್ಞ	
श्र (श्+र्)	-	ಶ್ರ	
ड़्	-	ಡ಼	
ढ़्	-	ಢ಼	
क़्	-	ಕ಼	उर्दू
ग़्	-	ಗ಼	
ज़्	-	ಜ಼	
फ़्	-	ಫ಼	
ब़्	-	ಬ಼	
व़्	-	ವ಼	
ख़्	-	ಖ಼	
फ़्	-	ಫ಼	अंग्रेजी–लैटिन
व़्	-	ವ಼	
श़्	-	ಶ಼	

चुड्डा पेंच्छो
(Appendix / परिशिष्ट)

ॐ★ॐ

Appendix - A_1

वर्णमाला, अंक एवं आवश्यक निर्देश

वर्णमाला

सरह तोड़ = स्वर वर्ण

𑒫	𑒬	𑒭	𑒮	𑒯	𑒰
i इ	e ए	u उ	o ओ	a अ	a̱ आ

: (सेला) = लम्बी ध्वनि ˙ (मितला) = नासिक्य स्वर ध्वनि

i (हेचका)= अर्द्धस्वर अ, ’ (घेतला) = शब्दखण्ड सूचक

हरह तोड़ = व्यंजन वर्ण

𑒪	𑒫	𑒬	𑒭	𑒮
p प	ph फ	b ब	bh भ	m म
𑒟	𑒠	𑒡	𑒢	𑒣
t त	th थ	d द	dh ध	n न
𑒞	𑒝	𑒤	𑒥	𑒦
ṭ ट	ṭh ठ	ḍ ड	ḍh ढ	ṇ ण
𑒟	𑒠	𑒡	𑒢	𑒣
c च	ch छ	j ज	jh झ	n̈ ञ
𑒑	𑒒	𑒓	𑒔	𑒕
k क	kh ख	g ग	gh घ	ṅ ङ
𑒩	𑒬	𑒧	𑒨	𑒩
y य	r र	l ल	w व	n̤ ज़
𑒪	𑒫	𑒬	𑒭	𑒮
s स	h ह	x ख़	ṛ ड़	ṛh ढ़

From : Origin and Development of Tolong Siki - Dr. N. Oraon "Sainda"

Appendix - A2

स्वर एवं व्यंजन ध्वनियाँ

स्वर (Vowel)							
ORAL				NASAL			
Short		Long		Short		Long	
𑒫 —	इ	𑒫𑓁 —	इः	𑒫𑓀 —	इँ	𑒫𑓀𑓁 —	इँः
𑒬 —	ए	𑒬𑓁 —	एः	𑒬𑓀 —	एँ	𑒬𑓀𑓁 —	एँः
𑒭 —	उ	𑒭𑓁 —	उः	𑒭𑓀 —	उँ	𑒭𑓀𑓁 —	उँः
𑒮 —	ओ	𑒮𑓁 —	ओः	𑒮𑓀 —	ओँ	𑒮𑓀𑓁 —	ओँः
𑒯 —	अ	𑒯𑓁 —	अः	𑒯𑓀 —	अँ	𑒯𑓀𑓁 —	अँः
𑒰 —	आ	𑒰𑓁 —	आः	𑒰𑓀 —	आँ	𑒰𑓀𑓁 —	आँः

संयुक्त स्वर :- (DIPTHONGS)	𑒯𑒫 —	अइ,	𑒯𑒭 —	अउ,
	𑒯𑒬 —	अय,	𑒯𑒱 —	अव,
	𑒫𑒭 —	इउ,	𑒭𑒫 —	उइ,

व्यंजन (CONSONANTS)							
Non Voiced		Voiced		Voiced		Non Voiced	
Oral N.ASP.	Oral ASP.	Oral N.ASP.	Oral ASP	Nasal N.ASP.	Oral N.ASP	Oral N.ASP	Oral ASP
𑒋	𑒌	𑒍	𑒎	𑒏	𑒐	-	-
𑒑	𑒒	𑒓	𑒔	𑒕	𑒖	𑒗	-
𑒘	𑒙	𑒚	𑒛	𑒜	𑒝	𑒞	-
𑒟	𑒠	𑒡	𑒢	𑒣	𑒤	-	-
𑒥	𑒦	𑒧	𑒨	𑒩	-	-	-
-	-	𑒪	𑒫	𑒬	-	𑒭	-

पण्डी (बरतनी)

𑒋𑒫	𑒋𑒬 𑒋𑒭	𑒋𑒮 𑒋𑒯	𑒋𑒰
𑒌𑒫	𑒌𑒬 𑒌𑒭	𑒌𑒮 𑒌𑒯	𑒌𑒰

105

From - Origin and Development of Tolong Siki - Dr. N. Oraon "Sainda"

Appendix - A3

तोलोङ सिकि अंक

PRINT FORM	SEGMENT FORM	DIGIT VALUE
ᱚ		0
ᱛ		1
ᱜ		2
ᱝ		3
ᱞ		4
ᱟ		5
ᱠ		6
ᱡ		7
ᱢ		8
ᱣ		9

109

From - Origin and Development of Tolong Siki - Dr. N. Oraon "Sainda"

APPENDIX - B1

CHAPTER I.

THE ALPHABET.

A.—Letters.

§ 1. The *Kurukh* language not being a written one, the system of writing and spelling Kurukh words in this volume is the same as that authoritatively adopted for all Asiatic languages at the late Oriental Congress at Geneva, with such slight alterations as are required for their correct pronunciation. In printing the Gospels and other books the Dēvanāgarī characters have been employed, since these are more extensively known to those *Kurukhs* who have received an elementary education.

B.—Vowels.

§ 2. The *Kurukh* alphabet has five vowels, each of which is pronounced either short or long, viz., a ā, e ē, i ī, o ō, u ū. The sound of each may be understood from the following:—

Examples.				Corresponding Dēvanāgarī character.	
Taking all these phonetic features into consideration, it may be shown that the vowels are located simultaneously on two axes: one horizontal from front to the back of the mouth, and the other vertical, from the floor of the mouth to its roof. The two horizontal points are front and back. The three vertical points are close, half-close and open. The posture of the lips which provides the third dimension is described in three

Appendix - BC_3

categories, spread, neutral and rounded. The fourth significant dimension for the vowels is durational : short, medium and long.

Phonologically, it is a five-vowel system consisting of two sub-systems, short vowels and the corresponding long vowels. The contrast between these two sub-systems is registered only in the initial syllable of poly-syllabic words. In all other positions, barring the compound words and some poly-syllabic derivative suffixes, the opposition between short and long is lost. The vowels are medium long in the final position and in the second syllable of a three-syllabic word. This feature is predictable from the given environments and is therefore treated as allophone of the corresponding short vowel.

Corresponding to the height of tongue or the degrees of approximation between the tongue and the roof of the mouth, three positions are phonetically described as close, half-close and open and these may be phonologically described as high, mid and low, respectively.

The only other dimension which is relevant for the phonological description of the vowels is the position of the tongue phonetically described as front and back. The redundant features are,

(i) all back vowels except the low vowels are rounded,
(ii) all front vowels are unrounded, and
(iii) with the low vowels, the posture of the lips, i.e., the neutral position and the part of the tongue which is raised, i.e., the back are redundant.

Thus, the vowel system identifies,

(i) two horizontal points, front and back,
(ii) three vertical points, high, mid and low, and
(iii) two degrees of quantity, short and long.

2.4. Phonetic Description of the Vowels :

/i/ — It is a front close vowel. The lips are generally spread. The position of the soft palate is raised and vocal cords are made to vibrate. The vowel is short in the initial syllable of a poly-syllabic word. It occurs in

Appendix -CD_1

कोई गायक भैरवी ठाठ की सरगम गा-बजा रहा है तो यह स रे ग म प ध नि पकड़ सरगम कहलाएगी।

आवर्तन: जब गायक ताल में पूर्ण आवर्त प्रयुक्त करता है तो इसे आवर्तन कहते हैं।

गायन के कुछ प्रकार

ठुमरी: ठुमरी की जन्मभूमि लखनऊ है। नवाब वाजिद अली शाह स्वयं श्रृंगार रस के अच्छे नर्तक, गायक और वादक थे। उनके समय में ठुमरी की लोकप्रियता पराकाष्ठा पर थी। जिस प्रकार शास्त्रीय गायनशैली में रागों की शुद्धता पर बहुत ज्यादा जोर दिया जाता है, वैसा ठुमरी में नहीं दिया जाता। इसमें श्रृंगारिक भावों पर ज्यादा जोर दिया जाता है और गायक विलंबित गति से गायन करता है। ठुमरी में एक भाग अंतरा का होता है और दूसरा स्थायी का।

ध्रुपद: ध्रुपद गायन का जन्म आज से 700-800 वर्ष पूर्व हुआ था। इसमें स्वरों की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। गायक इसे चार ताल में गाते-बजाते हैं। इसके चार भाग होते हैं-स्थायी, अंतरा, आभोग और संचारी। ध्रुपद गायन, श्रृंगार, वीर व शांत रस में गाया जाता है।

गीत: पद्यात्मक रचना को सरगम की किसी धुन में बांधकर गाना-बजाना गीत कहलाता है। इसका एक भाग अंतरा होता है और दूसरा स्थायी। इसे अनेक तालों में गाया या बजाया जा सकता है।

ख्याल: गायक विलंबित ताल में आलाप लेकर गाता है। इसके गायन में एक भाग स्थायी होता है और दूसरा भाग अंतरा। गायक इसे दो प्रकार से गाते हैं।

दो तालों में गाया जानेवाला ख्याल छोटा कहलाता है। इसे गायक छोटी तानों में गाता है। दूसरे प्रकार का गायन बड़ा ख्याल कहलाता है। गायक इसे एक ताल में गाता है। इसकी तानें शुरू में छोटी होती हैं, जिसे गायक विलंबित गति से बढ़ाकर तेज करता है।

भजन: धार्मिक गीतों और सूक्तियों का गायन भजन कहलाता है। रहीम और कबीर के दोहे व उपदेशात्मक गीत भी भजनों के अंतर्गत आते हैं। भजन आमतौर पर विलंबित लय में गाए जाते हैं और कभी-कभी गायक छोटी-छोटी तानें भी लेता है, इसके आलाप भी गंभीर और छोटे होते हैं।

भजन स्थायी, अंतरा, आभोग और संचारी भागों में गाया जा सकता है, किंतु आमतौर पर भजन स्थायी व अंतरा दो भागों में गाया जाता है।

टप्पा: टप्पे की पंजाबी धुनें काफी लोकप्रिय हैं। टप्पा के गायक इसे स्थायी और अंतरा दो भागों में गाते हैं। गायक बीच-बीच में छोटी तानें भी लेता है।

गजल: उर्दू में पद्यात्मक रचना को गजल कहा जाता है। मुगलकाल में गजल लेखन और गायन चरमोत्कर्ष पर था। आज भी गजल गायन की लोकप्रियता बनी हुई है। हारमोनियम पर गाते समय गजल गायक अंतरे में ताल नहीं बजाता, जबकि दूसरे भाग स्थायी में धुन बजाता है। गायक आमतौर पर कहरवा, दादरा व रूपक तालों में गजल गाते हैं।

स्वर लिपि

आपने संगीत वादकों के सामने रखी हुई स्वर लिपि अवश्य देखी होगी। उसमें विभिन्न स्वरों को गाने-बजाने के लिए विशेष चिह्न अंकित किए जाते हैं। उन्हीं चिह्नों को देकर वादक वाद्ययंत्रों से अपेक्षित

साभार : कम्प्लीट गिटार गाईड - संगीताचार्य मनोरंजन भारती

Appendix - CD_2

सरगम निकालने में सक्षम होते हैं। यह स्वर–लिपि वक्त जरूरत के लिए वादक अपने सामने रखते हैं, अन्यथा वादकों को स्वर लिपि में अंकित समस्त चिह्न कंठस्थ होते हैं।

स्वरों के इन चिह्नों को आप भी कंठस्थ कर लें, ताकि अपेक्षित सरगम निकलते समय आपको कोई कठिनाई न हो। प्रशिक्षु को सरगम का अभ्यास करने के लिए इन चिह्नों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए।

मध्य सप्तक के शुद्ध स्वर: मध्य सप्तक में शुद्ध स्वर बजाए जाते हैं, जो चिह्न रहित होते हैं। ये स्वर न हलके होते हैं और न तीखे। यथा, स रे ग म प ध नी।

मंद्र सप्तक के स्वर: मध्य सप्तक की तुलना में मंद्र सप्तक के स्वर कुछ हलके होते हैं। जिन स्वरों में नीचे बिंदी लगी हो, उसे मंद्र सप्तक का स्वर समझें। यथा, स़ रे़ ग़ म़ प़ ध़ नी़।

तार सप्तक के स्वर: तार सप्तक के स्वर मध्य व मंद्र सप्तक की तुलना में अधिक तीव्र होते हैं। इन स्वरों के ऊपर बिंदी होती है। यथा, सं रें गं मं पं धं नीं।

कोमल स्वर: मध्य, मंद्र व तार सप्तक में कुछ स्वर कोमल होते हैं। ऐसे स्वरों के नीचे आड़ी रेखा का चिह्न होता है। यथा, मध्य सप्तक में स रे ग म प ध नी, मंद्र सप्तक में स रे ग म प ध नी और तार सप्तक में सं रें गं म पं धं नीं।

तीव्र स्वर: सरगम में एकमात्र म ऐसा स्वर है, जिसका राग विशेष में कभी–कभी तीव्र उपयोग भी होता है। वैसे म का आमतौर पर शुद्ध स्वर में ही उपयोग होता है। जहां पर इसका तीव्र रूप में उपयोग होगा, वहां पर स्वर–लिपि में म के ऊपर खड़ी रेखा का चिह्न म होता है।

एक मात्रा के स्वर: स्वर लिपि सरगम के कुछ स्वरों के नीचे आड़े कोष्ठक होते हैं, इसका अर्थ है ऐसे स्वरों को एक ही मात्रा में गाया और बजाया जाना चाहिए। यथा,

गमपध पधनी धनी पध

मीड स्वर: गायक जब एक स्वर को विराम न देकर लगातार दूसरे–तीसरे स्वर तक गाता–बजाता चला जाए तो इसे मीड स्वर कहते हैं। स्वर लिपि में ऐसे स्वरों के ऊपर कोष्ठक का चिह्न होता है। यथा:

सरेग गमप धनी

पहले स्वर को और अंत में पुन: उसी स्वर को बजाएं। उदाहरण के तौर पर यदि कोष्ठक में (म) दिया गया हो तो चार स्वरों को एक मात्रा में यों बजाएं–पमगम।

आलाप व तान का चिह्न: स्वर लिपि में जिन स्वरों के आगे ऽ के जितने चिह्न हों तो इसका अर्थ है, उस स्वर की तान अथवा आलाप को उतनी देर पर्दे पर उंगली से दबाना है, जितनी देर तक गायक आलाप या तान खींचता है। अगर स्वर के आगे एक ऽ चिह्न हो तो पर्दा थोड़ी देर तक दबाएं, दो ऽऽ चिह्न हैं तो कुछ देर तक और तीन ऽऽऽ चिह्न हैं तो पहले के मुकाबले अधिक देर तक दबाएं। यानी चिह्नों की मात्रा देखते हुए तान अथवा आलाप निकालें। जिन स्वरों के आगे चिह्न न हों, वहां पर्दे पर उंगली का सामान्य दबाव दें।

ताली का चिह्न: आमतौर पर तबले आदि की संगत में तबलावादक ताली बजाता है। जिस स्वर के नीचे 1, 2, 3 या 4 की संख्या दी गई हो, उतनी बार ताली बजाई जाती है।

खाली स्वर: जिस स्वर के नीचे ० का चिह्न हो, इसका अर्थ है, यह स्वर खाली है, यानी उसे बजाए बिना आगे या पीछे बढ़ना चाहिए।

साभार : कम्प्लीट गिटार गाईड – संगीताचार्य मनोरंजन भारती

Appendix - CD_3

कंपित स्वर: कुछ स्वरों के ऊपर ~~~ का चिह्न होता है। इसका अर्थ है उस स्वर को इस प्रकार बजाएं कि उसकी ध्वनि प्रकंपित निकले।

स्वर विस्तार: कुछ स्वरों के आगे.....या.....का चिह्न हो तो इसका अर्थ है कि वहां स्वर को खींचकर विस्तार देकर ठहरना है। जैसे गायक देर तक आ... का विस्तार करते हुए गायन करता है तो वादक को स्वर को भी उतनी ही देर तक ठहराव देना चाहिए।

कण स्वर: जब युगल स्वरों को एक मात्रा में एक-दूसरे का सहारा लेकर बजाया जाए तो इनको कण स्वर कहते हैं। स्वर लिपि में कण स्वरों का चिह्न इस प्रकार किया जाता है:

रे ग

समस्वर: स्वर लिपि में जिन स्वर के साथ गुणा (×) या जोड़ (+) का चिह्न हो, वे समस्वर कहलाते हैं।

कम मात्रा के स्वर: में जिन स्वरों पर फूल की तरह का चिह्न (*) हो, उन स्वरों को कमं मात्रा, यानी लगभग आधी मात्रा तक बजाया जाता है।

स्वर मात्रा को बांटना: स्वर लिपि में जिस स्वर पर—। का चिह्न हो तो इसका अर्थ है कि आप स्वर की मात्रा को बांटते हुए उस स्वर को वाद्ययंत्र पर बजाएं।

❑❑



21

साभार : कम्प्लीट गिटार गाईड - संगीताचार्य मनोरंजन भारती

Appendix - CD_4

खिलौना जानकर तुम तो

ओ...खिलौना जानकर तुम तो, मेरा दिल तोड़ जाते हो,
मुझे इस हाल में किसके सहारे छोड़ जाते हो।

खुदा का वास्ता देकर, मना लूं दूर हूं लेकिन,
तुम्हारा रास्ता मैं रोक लूं, मजबूर हूं लेकिन,
कि मैं चल भी नहीं सकता, और तुम दौड़ जाते हो,
ओ...खिलौना जानकर तुम तो...

मेरे दिल से न लो बदला, जमाने भर की बातों का,
ठहर जाओ सुनो मेहमान हूं, मैं चंद रातों का,
चले जाना, अभी से किसलिए मुंह मोड़ जाते हो,
ओ...खिलौना जानकर तुम तो...

स्थायी

प	प	–	प	रे	–	रे	प	प	प	म	प	ध	ध	म	म
खि	लौ	ऽ	ना	ऽ	ऽ	जा	ऽ	न	क	र	तु	म	तो	ऽ	ऽ
ग	रे	ग	रे	स	–	–	रे	ग़	म	ग़	ग़	रे	रे	–	–
मे	रा	ऽ	दि	ल	ऽ	ऽ	तो	ऽ	ड़	जा	ऽ	ते	ऽ	हो	ऽ
प	प	–	प	रे	–	रे	प	प	प	म	प	ध	ध	म	म
मु	झे	ऽ	इ	स	ऽ	हा	ऽ	ल	में	ऽ	कि	स	के	ऽ	ऽ
ग	रे	ग	रे	स	–	–	रे	ग़	म	ग़	ग़	रे	रे	–	–
स	हा	ऽ	रे	ऽ	ऽ	छो	ऽ	ड़	जा	ऽ	ते	ऽ	हो	ऽ	ऽ
सं	–	–	–	नि	ध	प	–								
ओ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ								

84

साभार : कम्प्लीट गिटार गाईड – संगीताचार्य मनोरंजन भारती

अनआ-मनआ घोख
(विविध- विचार)

ॐ★ॐ

1

बिशप डॉ० निर्मल मिंज

दिनांक : 11.07.2010

'झरिया'

कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण / Kurux Phonetics and transliteration), डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' संग श्रीमती डॉ० ज्योति टोप्पो उराँव, द्वारा तैयार किया गया लेख है। इसमें ध्वनि एवं लिप्यन्तरण दो मुख्य शब्द हैं। कुँड़ुख़ शब्दों की ध्वनि को तोलोंग सिकि में जिस तरह प्रकट किया जाता है उसी तर्ज पर रोमन लिपि और देवनागरी लिपि में भी लिखे जाने की संभावना इस लेख में प्रस्तुत है। ध्वनि और लिपि का प्रत्येक भाषा-साहित्य में एक स्वभाविक संबंध है। इस स्वभाविक संबंध को अन्य भाषाओं की लिपियों से प्रदर्षित करना असंभव नहीं तो अत्यंत कठिन है। प्रत्येक समाज के कुछ लोगों में प्रकृति प्रदत्त विषेश गुण या प्रशिक्षण द्वारा इस काम को पूरा करने की क्षमता होती है, जिसे ईश्वरीय वरदान भी कहा जा सकता है। ऐसे व्यक्ति हर भाषा समूह में पाये जाते हैं। हमारे कुँड़ुख़ भाषी समाज में डॉ० फ्रान्सिस एक्का ऐसे प्रशिक्षित और वरदान पाये व्यक्तियों में से थे। उनका निधन इस समाज और कुँड़ुख़ भाषा के लिए भारी घटी का अनुभव कुछ लोगों के लिए होता है। कुँड़ुख़ भाषा बोलने और लिखने वालों की संख्या लाखों में भारत तथा भारत के बाहर नेपाल, बंग्लादेश एवं अन्य जगहों पर निवास करती है, किन्तु कुँड़ुख़ भाषा साहित्य को परिमार्जित रूप देने वालों की संख्या बहुत कम है। इन्हीं चन्द भाषाविदों में से डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' एक हैं। वे पेशे से बाल रोग चिकित्सक हैं, फिर भी उन्होंने कुँड़ुख़ साहित्य के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अन्य भाषा साहित्य से कुँड़ुख़ साहित्य का गहरा तुलनात्मक अध्ययन किया है, जिसका प्रमाण यह लेख है।

वे तोलोंग सिकि के अविष्कारक हैं। उसके साथ-साथ तोलोंग सिकि में कुँड़ुख़ साहित्य को सम्पन्न बनाने में उनका सहयोग प्रशंसनीय है। दूसरी ओर साहित्य निर्माण में 'मानकीकरण' एक विशेष सीढ़ी है। इस सीढ़ी तक पहुँचने में अनेक कठिनाइयाँ हैं। कुँड़ुख़ समाज के लोग भी सदियों से अपनी भाषा बोलते आये हैं। एक भाषा बोली से भाषा के दर्जे पर तब आती है, जब उसकी अपनी लिपि बन जाती है और उसे समाज ग्रहण करके व्यवहार करने लगता हैं। आदिवासी भाषा समूह और विषेशकर कुँड़ुख़ भाषा समूह के आदिवासियों ने कथित रूप से लिखित रूप में प्रवेश करने में अनेकों व्यवधानों का सामना किया है। इन कठिनाइयों में मानकीकरण के दर्जे पर पहुँचना काफी जटिल मालूम पड़ता है। अगर कोई बाहर का विशेषज्ञ इसमें सहायक होता है तो हम जल्द ही स्वीकार कर लेते हैं, किन्तु अपने बीच के विद्वानों को विशेषज्ञ के रूप में ग्रहण करने में बहुत दिक्कतें होती आयी है। इन दिक्कतों को दूर कर कुँड़ुख़ भाषा में भी मानकीकरण का कार्य हुआ है, उसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। स्व० डॉ० आर० एलांगियन, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर से आकर

दिनांक 09.12.2005 से 18.12.2005 तक झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची में हम लोगों को कुँड़ुख़ भाषा में मानकीकरण लाने हेतु अपूर्व सहायता की। इसे हम सबों को धीरे-धीरे आगे बढ़ाना है। मानकीकरण आखिर क्या है ? भाषा को किस तरह लिखा जाय कि वह साहित्य निर्माण में सर्वोत्तम सहायक हो। इस दिशा में चार आदमी बैठकर समाज के नाम से जो कुछ करते हैं या कहते हैं उसे मानना, उसे जानना और उसके अनुसार पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करना ही मानकीकरण है।

डॉ० नारायण उराँव, 'सैन्दा' ने इस पुस्तक के माध्यम से कुँड़ुख़ भाषा मानकीकरण हेतु एक उत्साहवर्द्धक कार्य किया है। कुँड़ुख़ शब्दों को तोलोंग सिकि, रोमन लिपि और देवनागरी लिपि में किस तरह बेहतर से बेहतर लिप्यन्तरण किया जा सकता है उसी को इस लेख में सावधानी पूर्वक समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कुँड़ुख़ समाज के बुद्धिजीवी इसे व्यवहार करने का पहल करेंगे तो कुँड़ुख़ भाषा का कल्याण हो जाएगा।

Dr. Karma Oraon
University Professor
Department of Anthropology
Ranchi University, Ranchi-834008
Jharkhand, India

Former Member : Bihar Public service Commission
Former Head : Dpartment of Anthropology, R.U.
President : Indian Association for Study of Religions(IASR)
(Regional committee, Ranchi) An Affiate of
IAHR, member of CIPSH under UNESCO
Chief Advisor : Journal of Social Research, Dept. of Anthropology, RU
Editor : RU Journal of Social Science and Humanities (RUJOSH)
Life Member : Indian Institute of Public Administration, New Delhi
Chairman Cum Liaison Officer: ST/SC Special Cell, Ranchi University, Ranchi
Senate Member : Ranchi University, Ranchi
Co-ordinator : UGC Spl. Assistance Programme (SAP)-DRSI, Dept. of Anth. R.U.

Tel : 0651-2552839 (Res)
Mobile: 9304454836
Fax : 91-651-2301077
E-mail: karmaoraon1@yahoo.co.in

Residential Address :
New Area Morabadi, Ranchi-834008
Jharkhand, India

Ref : .....
Date : 12/11/2010

डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' एवं डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो उराँव द्वारा सृजित "कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण" शीर्षक पुस्तक मैंने ध्यान से पढ़ा और इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि इससे कुँड़ुख़ भाषा के विकास और समृद्धि में एक नया आयाम की शुरुवात होगी । किसी भी भाषा के विकास का क्रमिक इतिहास में लिपि का होना अनिवार्य अवयव है । तोलोङ सिकि का अन्वेषण में इसकी सामाजिक पहलु तथा भाषायी वैज्ञानिकता को बखुबी ध्यान में रखा गया है । इसके साथ ही तोलोङ सिकि, रोमन एवं देवनागरी में लिप्यन्तरण से कुँड़ुख़ भाषा की बहुयामी उपयोग एवं प्रसांगिकता प्रखर होगी ऐसा मेरा विश्वास है ।

किसी भी भाषा का राष्ट्रीय पहचान तथा राजकीय स्वीकृति के लिए संविधान में प्रावधान है परन्तु इसके लिए जरूरी है जिस लोक भाषा को, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आधार प्राप्त है उस भाषा में साहित्य का निर्माण हो और यह तभी सम्भव है जब उक्त भाषा में लोक साहित्य, संस्कृति और जीवन शैली अभिव्यक्त हो । कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोङ सिकि के ईजात से पूरे देश में एक नये सिरे से सोच एवं ओज उभरा है और इससे आगे के दिनों में कुँड़ुख़ भाषियों के लिए एक पुख्ता आधार मिलेगा । देश के लगभग 30 लाख कुँड़ुख़ जनजाति के लोग इस भाषा का उपयोग अपने बीच परिसंवाद का माध्यम के रूप में अंगीकार कर चुके हैं और यह द्रविड़ भाषा मूल की लोक भाषा है । इसकी विशिष्टता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखकर समस्त भारत के कुँड़ुख़ (उराँव) जनजाति के लोग साकारात्मक सोच के साथ भाषा के विकास एवं निर्माण में लगे हुए हैं और इस बात की ओर संयुक्त रूप से प्रयासरत हैं कि लोक भाषा की साहित्यिक पक्ष मजबूत हो और इस कड़ी में कुँड़ुख़ लिपि यथा तोलोङ सिकि जिसे झारखण्ड सरकार ने प्रारम्भिक तौर पर स्वीकार कर लिया है इसे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पहचान प्राप्त हो और भाषा संबंधी संवैधानिक दर्जा आठवीं अनुसूची में दर्ज हो । इसके लिए राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में समस्त देश के कुँड़ुख़ (उराँव) जनजाति एक जूट होकर आवाज उठा रहे हैं, जो एक शुभ संकेत है । मैं इस आंदोलन में कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण के लेखक द्वय के अमूल्य योगदान के लिए बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वे आगे भी कुँड़ुख़ भाषा विकास में उत्तरोतर साकारात्मक योगदान देंगे ।

फ़ा० अगुस्तीन केरकेट्टा, PGDC
अध्यक्ष
आखिल भारतीय तोलोङ सिकि प्रचारिणी सभा
झारखण्ड, राँची

दिनांक : 11.07.2010

डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' एवं डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो उराँव द्वारा प्रस्तुत **कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण**, कुँड़ुख़ समाज के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है । डॉ० उराँव द्वारा तोलोंग सिकि, रोमन और देवनागरी लिपि में कुँड़ुख़ शब्दों का ध्वन्यात्मक लिप्यन्तरण का सार्थक प्रयास है। वास्तव में यह मानकीकरण मानव के मन-मस्तिष्क को मनाने का एक मापदण्ड है । अपने इस रचनात्मक कार्य में निरन्तर अभ्यासरत और अग्रसर विकासरत सेवा से भले ही चिकित्सक हैं अब ये Dip-into-literature वाले हस्ति के एक शिक्षक ही माने जायेंगे । ऐसा आभास मुझे इनकी इसी कृति से हुआ है ।

यों तो तोलोंग सिकि में कुँड़ुख़ प्रवेशिका ''कइलगा'' के चतुर्थ संस्करण अप्रैल 08, 2008 सरहुल करते समय डॉ० उराँव के मनोभाव से मैं काफी प्रभावित हुआ । अब यकीन मानता हूँ कि यह हृदय ग्राही साहित्यिक कार्य तोलोंग सिकि, रोमन एवं देवनागरी में कुँड़ुख़ शब्दों का ध्वन्यात्मक लिप्यन्तरण भी जनमानस को छूये बिना नहीं रह पाएगा ।

"Request to write Matric Examination - 2009 of Oran Subject in Tolong Siki Alphabet" - एक समस्या बन कर मैट्रिक की परीक्षा के पहले, दोनों ही झारखण्ड अधिविद्य परिषद् राँची और कुँड़ुख़ कत्थ खोंड़हा लूरकुड़िया, भगीटोला (गुमला, झारखण्ड) के सामने मुँह बाये खड़ी थी, जिसका निदान सिर्फ Transliteration या ध्वन्यात्मक लिप्यन्तरण (सदृश अक्षरों के अनुरूप प्रतिनिधित्व) मात्र था । मैट्रिक के विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तोलोंग लिपि में लिख सकने हेतु अनुमति प्राप्त होने में तोलोंग लिपि में पुस्तकों की अनिवार्यता को ध्यान में रखकर दो महीनों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप ही The Subject Syllabus Books of Oraon Language in Tolong Siki (जो तब तक सिर्फ देवनागरी में था) संभव हुए जो बहुत ही कुतुहलपूर्ण क्षणों के ध्वन्यात्मक लिप्यन्तरण के साथ-साथ विद्यार्थियों के जीवन के निर्माण के सुयोग मूहुर्त रहे थे । इन सबका गहन आभास एवं अनुभव डॉ० उराँव के साथ मुझे भी मिला । गद्य-पद्य भाग का प्रूफ रिडिंग में मेरा पूर्ण सहयोग रहा जिसे 'कवि को कतई छूट' की तरह भावनात्मक ही समझी गई । अपेक्षा है विद्वतजन पूरक बन कर ऐसे साकारात्मक कार्यों में उदार बने रहेंगे ।

उपरोक्त उदात्त विचारों की पराकाष्ठा में मेरा मन्तव्य यह है कि कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण) में ध्यातव्य रहे कि तोलोंग सिकि के स्थापत्य और सार्थकता इसमें है कि यह लोक सांस्कृतिक एवं पारम्परिक पोशाक एवं चिह्नों के प्रयोग से बने कलाकृति की आकृति एवं लिपि का सटीक प्रकटीकरण है और कुँड़ुख़ शब्दों एवं अन्यान्य भाषा माध्यम के लिए अत्यावश्यक है ।

4

डॉ० दुखा भगत
रीडर (कुँड़ुख़/उराँव)
गोस्सनर कॉलेज राँची (झारखण्ड)

दिनांक : 06.09.2010

डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" एवं डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो उराँव द्वारा प्रस्तुत, "कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण)" शीर्षक पुस्तिका का मैंने अवलोकन किया। देखने में यह एक छोटी सी पुस्तिका है किन्तु साहित्यिक दृष्टिकोण से इसमें उच्च तकनीक एवं असाधारण तथ्यों का उल्लेख है। यों तो मैं ध्वनि विज्ञान (Phonetic Science) का ज्ञाता नहीं हूँ फिर भी उराँव समाज का एक जागृत सदस्य एवं कुँड़ुख़ भाषा का प्राध्यापक होने के नाते, भाषा से संबंधित कार्यों में अभिरुचि एवं सहभागिता की सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस पुस्तिका हेतु दो शब्द लिखने की धृष्टता कर रहा हूँ।

लेखक द्वय में से डॉ० उराँव पेशे से एक चिकित्सक हैं। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान जैसे गूढ़ विषयों का अध्ययन कर, कुँड़ुख़ (उराँव) भाषा के महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागर करते हुए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषा के साथ तुलनात्मक अध्ययन करके कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोङ सिकि, हिन्दी एवं संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी तथा अंग्रेजी भाषा की लिपि रोमन लिपि में लिप्यन्तरण करने का सार्थक प्रयास किया है। इस पुस्तिका में तकनीकि सुलभ (Technofriendly) लिप्यन्तरण की बात कही गयी है अर्थात आधुनिक तकनीक एवं मशीन में निर्धारित सूचनाओं एवं प्रावधानों के अनुरूप, लिखने तथा पढ़ने की विधि को स्वीकार करना। अगर ऐसा हो पाता है तो यह तरीका सर्वोत्तम होगा। भाषाविदों, शिक्षाविदों एवं साहित्यकारों ने भी अलग-अलग भाषा की लिपि में लिप्यन्तरण हेतु Di-critical mark देकर सदृश्य एवं समतुल्य ध्वनियों के लिए ध्वनि चिह्नों को प्रतिस्थापित किया है। इन्हीं सिद्धान्तों को आधार मानकर लेखक द्वय द्वारा यह उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इस कार्य में डॉ० श्रीमती उराँव जो "संस्कृत" जैसी प्राचीन भाषा विषय में व्याख्याता हैं, जिन्होंने दो प्राचीन भाषाओं (संस्कृत एवं कुँड़ुख़) की विशिष्टताओं को समझने में कड़ी का काम किया है।

इस पुस्तिका में लिप्यन्तरण का मूल आधार कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोङ सिकि है। इसमें कुँड़ुख़ भाषा की उच्चरित विशिष्ट ध्वनियों के लिए अलग-अलग ध्वनि चिह्न अथवा लिपि चिह्न निर्धारित किये गये हैं। इन विशिष्टताओं में से कुछ तथ्य इस प्रकार हैं-

(1)कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित लम्बी ध्वनि (दिगहा हहस) को दिखलाने के लिए ':' (कॉलन) चिह्न का प्रयोग किया गया है। जैसे - ओ:ड़ा, ए:ड़ा, उ:ख़ा, ई:मा आदि। यहाँ पर ओ, ए, उ तथा ई दीर्घ स्वर है किन्तु कुँड़ुख़ शब्दों के उच्चारण में दीर्घ स्वर के उच्चारण समय (दोगुना) से कुछ अधिक समय लगता है तथा संस्कृत के प्लूत स्वर के उच्चारण समय से कम यानि लगभग ढाई गुना समय लगता है। इस विशिष्ट उच्चारण को दिखलाने के लिए ':' (कॉलन) चिह्न देकर देवनागरी अक्षरों के उच्चारण समय को लम्बा, लगभग ढाई गुना किया गया है, जो संस्कृत या हिन्दी के उच्चारण समय व्यवस्था से भिन्न है। यह चिह्न अंग्रेजी भाषा विज्ञान में, लम्बी ध्वनि के लिए व्यवहारित है। श्रद्धेय फॉ० डॉ० कामिल बुल्के द्वारा अपनी पुस्तक अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश में देवनागरी लिपि से अंग्रेजी भाषा

के शब्दों को लिखने हेतु लम्बी ध्वनि के लिए ':' (कॉलन) चिह्न का प्रयोग किया गया है। इस विधि को हिन्दी साहित्य के विद्वान डॉ० दिनेश्वर प्रसाद ने भी अपनाया है तथा उनके द्वारा अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश का पुनर्संस्करण किया है।

(2) कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित हेचका ध्वनि को दिखलाने के लिए 'अ्' चिह्न का प्रयोग किया गया है। यह ध्वनि, संस्कृत भाषा की 'अर्द्धस्वर अ' ध्वनि के समान है। स्व० डॉ० फ्राँसिस एक्का की पुस्तक Kũrux Phonetic Reader में इसे स्पर्श व्यंजन (Stop Consonant) के समूह में पारिभाषित किया गया है। अतएव इस ध्वनि को देवनागरी लिपि में 'अ्' (अ के नीचे हलन्त चिह्न) लिखा जाना भाषाविदों की परिभाषा के अनुरूप ही है। जैसे - चिअ्ना, बअ्ना, नेअ्ना, रअ्ना, होअ्ना आदि। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के पूर्व प्राध्यापक स्व० इन्द्रजीत उराँव द्वारा हेचका हरह ध्वनि के लिए 'अ्' का ही प्रयोग किया जाता था।

(3) व्यवहार में, देवनागरी लिपि से लिखते-पढ़ते समय कुँड़ुख़ भाषा के कुछ शब्दों के विशिष्ट उच्चारण को, हिन्दी उच्चारण की तरह पढ़ा एवं लिखा जाता है, जिसे दूर करने के लिए 'शब्दखण्ड सूचक' चिह्न देकर उच्चारण विशिष्टता को दिखलाया जाना, लेखन एवं उच्चारण की जटिलता को सरल बनाना है। शब्दखण्ड सूचक चिह्न जिसे कुँड़ुख़ में 'घेतला' कहा गया है, यही चिह्न अंग्रेजी में 'glotal stop' चिह्न की भांति व्यवहारित है। जैसे :- कइलगा - कइल'गा, बइकला - बइक'ला, बरई - बर'ई, कमई - कम'ई आदि।

(4) कुँड़ुख़ भाषा की मान्य ध्वनियों को रोमन लिपि की प्रचलित विधियों से लिखने में थोड़ी कठिनाई होती है, जिसे स्व० डॉ० एक्का (पूर्व प्राध्यापक एवं निदेशक, CIIL मैसुर)के 6 (Six) vowel concept (i, e, u, o, a, a̲ / इ, ए, उ, ओ, अ, आ) के सिद्धांत अनुसार सफलता पूर्वक सभी उच्चरित ध्वनियों को लिखा जा सकता है। जैसे - atxa̲ (अतख़ा), a̲:lo (आ:लो), kõ:ṛa (कों:ड़ा), ã̲:ṛko (आँ:ड़को) आदि। रोमन लिपि के माध्यम से कुँड़ुख़ शब्दों को लिखने में अ = a तथा आ = a̲ लिखा जाता था किन्तु तोलोंग सिकि का उद्भव एवं विकास (लेखक - डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा') पुस्तक में कुँड़ुख़ ध्वनि 'अ' एवं 'आ' जिसे तोलोंग सिकि (लिपि) में a (अ) तथा a̲ (आ) दो अलग एवं पूर्ण स्वर स्वीकार किया गया है जो अंग्रेजी लेखन की प्रचलित विधि के अनुरूप अ + अ = आ के सदृश a̲ लिखा जाता है, से बिल्कुल भिन्न है। साथ ही अनुनासिक स्वर ध्वनि - आँ = ã̲ आदि को दिखलाने की पूर्व विधि में कठिनाई होती किन्तु प्रस्तुत पुस्तक में आँ = ã̲ की तरह दिखलाने की परम्परा की शुरुआत सरल एवं सुगम विधि है। इन चिह्नों का व्यवहार संताली साहित्य के अंग्रेज साहित्यकार श्रद्धेय पी० ओ० बॉडिंग द्वारा संताली-अंग्रेजी डिक्सनरी एवं संताली फॉल्क टेल्स नामक पुस्तक में किया गया है।

अंत में मैं कहना चाहूँगा कि यह पुस्तिका, मात्र पुस्तिका नहीं वरण पूरे कुँड़ुख़ समाज एवं कुँड़ुख़ साहित्य के लिए पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत का कार्य करेगा। इसके प्रस्तुतकर्त्ता डॉ० उराँव एवं डॉ० श्रीमती उराँव को समाज की ओर से मैं हार्दिक बधाई देता हूँ तथा आशीर्वचनों के साथ मंगलकामना करता हूँ कि वे अपनी लेखनी को अग्रतर जारी रखें, जिससे समाज के लिए अच्छा विचार एवं लेख मिलता रहे।

डॉ० नारायण भगत
व्याख्याता (कुँड़ुख़)
डोरण्डा कॉलेज, राँची (झारखण्ड)

दिनांक 19.08.2010

कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण) शीर्षक प्रस्तुति एक अति प्रशंसनीय कार्य है। इसके प्रस्तुतकर्त्ता डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" एवं डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो उराँव ने ध्वनि एवं लिप्यन्तरण जैसे कठिन विषय को सहजतापूर्वक प्रस्तुत किया है।

डॉ० उराँव पेशे से एक चिकित्सक हैं तथा डॉ० श्रीमती उराँव संस्कृत जैसी प्राचीन भाषा विषय की व्याख्याता है। इन दो अलग-अलग विषयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले लोगों में जनजातीय भाषा के ध्वनि विज्ञान में अभिरुचि रखना भी एक दैवी कृपा के समान है।

इसमें कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को देवनागरी लिपि, रोमन लिपि एवं तोलोंग सिकि (लिपि) में लिखे जाने के तरीके को बतलाया गया है। रोमन लिपि में 5 (पाँच) स्वर (a,e,i,o,u) हैं तथा कुँड़ुख़ भाषा के 'अ' एवं 'आ' ध्वनि को a एवं $\bar{a}$ की तरह लिखा एवं पढ़ा जाता है किन्तु कुँड़ुख़ भाषा के "आँ" ध्वनि को लिख पाना इस तरीके में थोड़ी मुश्किल होती है। अत: इस प्रस्तुति में 6 (six) vowel concept (i, e, o, u, a, $\underline{a}$) को लागू किया गया है। इसके आधार पर कुँड़ुख़ भाषा को पूरी तरह लिखा एवं पढ़ा जा सकता है।

इस प्रकार देवनागरी लिपि से कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को लिखने में जो कठिनाइयाँ होती थीं उसे भी दूर करने का प्रयास किया गया है। कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित लम्बी ध्वनि, जो निश्चित रूप से हिन्दी एवं संस्कृत भाषा के दीर्घ स्वर से अधिक उच्चारण समय लेता है, को दिखलाने हेतु International Phonetic Code System में प्रयुक्त होने वाला चिह्न अर्थात् ' : ' (कॉलन चिह्न) को प्रयोग में लाया गया है। यह चिह्न तकनीकी सुलभ एवं सरलता पूर्वक समझने-समझाने में सहायक होगा। इसी तरह कुँड़ुख़ भाषा में उच्चरित "अर्द्धस्वर अ" तथा "शब्दखण्ड सूचक चिह्न" को प्रतिपादित कर कुँड़ुख़ साहित्य में पथ प्रदर्शक का कार्य किया है।

इन सभी तथ्यों को कुँड़ुख़ भाषा की लिपि "तोलोंग सिकि" में तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर प्रतिस्थापित किया गया है।

इस तकनीकी सम्मत कार्य के लिए लेखक द्वय प्रसंशा के पात्र है। मैं इस प्रस्तुति के लिए डॉ० उराँव एवं डॉ० श्रीमती उराँव को हार्दिक बधाई देता हूँ।

डॉ० शान्ति ख़लख़ो
मुख्य सम्पादक
कुँड़ुख़ लिटरेरी सोसाईटी ऑफ इन्डिया, नई दिल्ली

दिनांक 16.10.2010

ध्वनि किसी भी भाषा का महत्वपूर्ण अंग है। ध्वनियों से ही पद (शब्द) तथा पदों से ही वाक्य बनते हैं। कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोंङ सिकि है। भाषा जैसी गूढ़ विषय का गहराई से अध्ययन कर कुँड़ुख़ भाषा के महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागर करते हुए तोलोंङ सिकि के आविष्कारक डॉ० नारायण उराँव ने लिप्यन्तरण का दुरूह कार्य को सम्पन किया है। इन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत जैसे भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन कर कुँड़ुख़ भाषा की लिपि तोलोंङ सिकि, देवनागरी लिपि एवं रोमन लिपि में लिप्यन्तरण कर कुँड़ुख़ भाषा के लेखन कार्य को सहज एवं सुलभ बनाया है।

इन्होंने कुँड़ुख़ भाषा की मुख्य ध्वनियों को उनकी विशेषता, उपयोगिता एवं सही उच्चारण सहित लिप्यन्तरण करने की भरपूर कोशिश की एवं उसमें खरे उतरे हैं। लेखक डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' एवं उनकी धर्म पत्नी डॉ० (श्रीमती) ज्योति टोप्पो उराँव ने मिलकर कुँड़ुख़ भाषा को लेखन के क्षेत्र में सार्थक एवं नई दिशा दी है। इनके अथक प्रयास से कुँड़ुख़ समाज अवश्य ही लाभान्वित होगा, ऐसी मेरी मनोकामना है।

मैं लेखक द्वय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामाएँ . देती हूँ।

डॉ० हरि उराँव

सह-प्रोफेसर,

कुँड़ुख़ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग

राँची विश्वविद्यालय राँची

अध्यक्ष

कुँड़ुख़ लिटरेरी सोसाईटी ऑफ इन्डिया, नई दिल्ली

दिनांक 25.10.2010.

संसार की समस्त भाषाओं में यह सामान्य समस्या पाई जाती है कि विचारों को व्यक्त करते समय, शब्दों का जैसा उच्चारण करते हैं, वैसा ही उसे लिख पाने में कठिनाई होती है । कुँड़ुख़ भाषा के साथ भी यही समस्या है । कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को देवनागरी या रोमन लिपि से लिखने में कई समस्याओं को सामना करना पड़ता है । उच्चारण की दृष्टि से कुँड़ुख़ शब्दों को सही-सही लिख पाना आज भी एक समस्या बनी हुई है ।

डॉ० नारायण उराँव 'सैन्दा' ने लिप्यन्तरण के माध्यम से उसी समस्या का समाधान करने का स्तुत्य प्रयास किया है ।

श्री बागी लकड़ा
पड़हा दिवान
राजी पड़हा ओड़िसा, भारत

दिनांक 10.01.2011

यह खुशी की बात है कि कुँड़ुख़ भाषा की लिपि विकसित हो चुकी है । कुँड़ुख़ समाज ने अपनी भाषा की लिपि के रूप में "तोलोङ सिकि" नामक लिपि को अंगीकार कर लिया है । इस लिपि को डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" ने एक Social Scientist के रूप में समाज के सामने लाने का कार्य किया है तथा अपनी लगन एवं मेहनत से कुँड़ुख़ समाज को अपनी भाषा की लिपि होने का सम्मान दिलाया है ।

ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार एवं झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा दिनांक 19 फरवरी 2009 को मैट्रिक में कुँड़ुख़ विषय की परीक्षा तोलोङ सिकि (लिपि) के माध्यम से लिखने की अनुमति प्रदान की गई है, जो झारखण्ड सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है ।

तोलोङ सिकि के विकास के क्रम में राजी पड़हा वार्षिक सम्मेलन 1995 बमनडीहा, लोहरदगा में डॉ० नारायण उराँव द्वारा तोलोङ सिकि का प्रस्तुतिकरण किया गया । राजी पड़हा दिवान श्री भिखराम भगत की नेतृत्व में सभी पड़हा प्रेमियों ने तोलोङ सिकि को कुँड़ुख़ भाषा की लिपि के रूप में ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया । साथ ही पड़हा दिवान श्री भगत द्वारा सुझाव दिया गया कि लिपि के परिपेक्ष्य में एक व्याकरण भी तैयार किया जाना चाहिए, तभी यह शोध कार्य पूर्ण हो पाएगा ।

उक्त सम्मेलन के पश्चात् डॉ० उराँव अपने कार्यों में व्यस्त रहे और सामाजिक मांग को पूरा करने के लिए प्रयास किया तथा एक लम्बे समय के बाद फिर से एक कठिन कार्य को कार्यरूप देते हुए "कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" एवं "कुँड़ुख़ कत्थअइन अरा पिंज्जख़ा" नामक दो पुस्तकों की रचना करके समाज के समक्ष प्रस्तुत किया । "कुँड़ुख़ कत्थअइन अरा पिंज्जख़ा" की छाया प्रति राजी पड़हा दिवान स्व० भिखराम भगत की 74वीं जयंती 10 जनवरी 2011, के अवसर पर बलीजोड़ी, राउरकेला, ओड़िसा में गुरु माता श्रीमती बुधेश्वरी भगत के हाथों सौंपकर डॉ० उराँव ने स्व० भिखराम भगत एवं राजी पड़हा की अवधारणा को पूरा किया । इस कार्य से स्व० भिखराम भगत की आत्मा को शांति मिलेगी और कुँड़ुख़ समाज को इस लिपि एवं व्याकरण से नई दिया एवं ओज प्राप्त होगा ।

मैं डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" एवं उनके परिवार को अपनी एवं राजी पड़हा की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ ।

9

फ़ा० जेम्स टोप्पो, एस०जे०
प्राचार्य - संत जेवियर्स
इन्टर कॉलेज बुण्डू

दिनांक 20.01.2011

कुँड़ुख़ समाज अपनी बहिर्मुखी प्रवृति के कारण एक ओर तो अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील होने का आभास देता है और दूसरी ओर उसी प्रवृति के परिणाम स्वरूप दूसरों की तुलना में अधिक बदनाम भी होता है । सबों के शुभ और समाज कल्याण की दिशा हो जहाँ वह अग्रसारित होता हो अथवा तमस और पतनोन्मुखता के अनुशीलन की बारी हो जिस दिशा से वह अपने कदम कई बार मोड़ नहीं पाता, संचार और संवाद, सम्पर्क और सम्प्रेषण ही ऐसे वाहन हैं जिनके द्वारा इनकी अन्तरगामी और बहिर्गामी, दोनों दिशाओं की गतिशीलता सफल साकार होती है अथवा वैचारिकी का धरातल छोड़ यथार्थ के धरातल पर आती है ।

संचार, संवाद, सम्पर्क और सम्प्रेषण का मूलाधार ध्वनि है । ध्वनि जबतक श्रवण संक्षिप्त रहती है तब तक उसकी प्रभावोत्पादकता का दायरा संक्षिप्त होता है लेकिन यदि वह श्रवण के साथ-साथ द्रष्टव्य रूप धारण करती है तब उसकी प्रभावोत्पादकता की सीमा का विस्तार, फैलता-फैलता व्यापक हो जाता है । यह, ध्वनि का प्रथम द्रष्टव्य रूप-धारण ही किसी बोली या भाषा की लिपि है ।

Phonetics या ध्वनि का लिखित संकेत, या फ़ा० डॉ० कामिल बुल्के, ये०स० की भाषा में स्वर विज्ञान, उस संस्कृति विशेष की पृष्ठभूमि से ही सर्जित होकर जब उस भाषा में प्रयुक्त हर ध्वनि का सम्प्रेषण करने में सफल हो जाता है तब लिपि, से दृष्टि प्रमाणित और संचार तथा संवाद की दृष्टि से व्यापक मानी जाने लगती है । यही उस समाज विशेष की सुगबुगाहट और प्रगति की दौड़ में अन्य कबीलों या समाजों के साथ कतार वद्ध होने का असली संकेत है ।

डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" और उसकी जीवन संगिनी डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो "उराँव" के करकमलों से प्रस्तुत "कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" (कुँड़ुख़ ध्वनि एवं लिप्यन्तरण) निबन्ध को मैं अपने दृष्टि से बिल्कुल मौलिक और जीवन दायिनी योगदान समझता हूँ । इतने लम्बे शैशवकाल के बाद जैसे कुँड़ुख़ समाज के बाज-चूजों के पंख उग आए और वे ऊँचे पेड़ की डालों के बीच जीर्ण एवं झेझरा हो रहे घोंसले को छोड़कर पास की ही टहनियों पर बैठ कर पर तोलने लगे हैं । अपनी बाज गति और दूरगामी दृष्टि के साथ उन्मुक्त सीमातीत गगन को अपने अधीन करने की विशिष्ट क्षमता के कारण, पक्षी-संसार में विशिष्ट और अपूर्ण हैसियत रखने वाले बाज के चूजे अब प्रथम उड़ान भरने के लिए तैयार होने के संकेत दे रहे हैं । "तोलोङ सिकि उद्भव और विकास" तथा "कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" की महत्ता मेरी दृष्टि में, इसी दृष्टि कोण से आँकी जानी चाहिए ।

ऐसे कुँड़ुख़ के उच्चरण-विज्ञान की तुलना अब तक हिन्दी के उच्चारण-विज्ञान के साथ ही होती आयी है क्योंकि कुँड़ुख़ के सम्प्रेषण के लिए देवनागरी लिपि को ही अपनाये जाने का मोहभंग कुँड़ुख़ के कुछ अकादमिक बुद्धिजीवियों के बीच ही नहीं हो पा रहा है । मामला बिल्कुल उसी प्रकार है जिस प्रकार चिकित्सा के संसार में कैंसर जैसे दु:साध्य रोगों के इलाज को लेकर चिकित्सकों के बीच कैंसर विशेषज्ञों का है जब वे अचानक पाते हैं कि वर्त्तमान प्रगतिशील चिकित्सा भी जिस केस को दु:साध्य कहती है, उसे ही जड़ी-बूटी वाले वैद्य, नुस्खों के विश्लेषण में अवैज्ञानिक होकर भी मर्ज का इलाज करने में सफल पाए जाते हैं । वास्तव में कुँड़ुख़ की तुलना हिन्दी के उच्चारण-विज्ञान से हटकर संस्कृत के उच्चारण विज्ञान के साथ होनी चाहिए, क्योंकि कुँड़ुख़, संस्कृत के समान ही अत्यन्त पुरानी भाषा है । यदि यह मान्य हो जाय, तब संस्कृत स्वरों और कुँड़ुख़ के स्वरों को एक दूसरे के साथ मिलान करते हुए यह साफ देखा जा सकेगा कि कुँड़ुख़ में स्वरों की संख्या संस्कृत के स्वरों की संख्या से कम नहीं है । यह ठीक उल्टा कथन अधिक स्पष्ट होगा कि कुँड़ुख़ में कई ऐसे स्वर हैं जिनका शुद्ध सम्पूर्ण समकक्ष संस्कृत में है ही नहीं । उदाहरणार्थ -

(1) कुँड़ुख़ के कों:ड़ा, मों:ड़ा, ओ:ड़ा, ए:ड़ा, ते:ला, ई:मा, ऊ:रू आदि शब्दों में आरम्भिक दीर्घ स्वर वर्ण, संस्कृत के दीर्घ स्वर वर्ण का समकक्ष नहीं है । यदि ऐसा होता तो ये शब्द इस प्रकार लिखे जाते - कोंड़ा, मोंड़ा, ओड़ा, एड़ा, तेला, ईमा, ऊरू और वे कुँड़ुख़ के सार्थक शब्द नहीं रह जाते । ध्यातब्य हो कि आँठवीं अनुसूची की भाषाओं में से तमिल एवं तेलगु भाषा में उच्चरित 'ए' एवं 'ओ' ध्वनि का ह्रस्व एवं दीर्घ दो-दो रूप होता है तथा दोनों रूपों के लिए दो-दो अलग-अलग लिपि चिह्न निर्धारित किये गये हैं ।

इसलिए कुँड़ुख़ के पक्ष में यह दावा कि कुछ स्वरों का सम्पूर्ण समकक्ष संस्कृत में है ही नहीं, बड़बोलापन नहीं है । इसीलिए "दिगहा सरह" के लिए अतिरिक्त ध्वनि संकेत अनिवार्य है, जो कॉलन या विसर्ग के रूप में (:) सम्प्रेषण किया जा रहा है । इसे सेला के नाम से अभिहित किया गया है । यहाँ पर मैं कहना चाहूँगा कि दिगहा सरह के लिए अतिरिक्त ध्वनि संकेत (Diacritical mark) के रूप में ' : ' (कॉलन) चिह्न का व्यवहार किया जाना उचित होगा । अन्तर्राष्ट्रीय ध्वनि विज्ञान के अनुसार रोमन लिपि से ध्वनि विज्ञान को समझने हेतु दिगहा सरह जैसी ध्वनि के लिए ' : ' (कॉलन) चिह्न का व्यवहार कर अंग्रेजी के Long Phones को लिखा गया है । जो मशीनी दृष्टिकोण से तथा व्यक्ति विशेष को समझने एवं समझाने के लिए उपयुक्त तरीका है । दिगहा सरह के स्थान पर कुछ लोग ' _ ' (योजक) चिह्न का प्रयोग करते हैं किन्तु जहाँ दो वैसे शब्दों का युग्म, जहाँ शब्दों का स्वर वर्ण दिगहा सरह के रूप में हो, तो लिखने और समझने में मस्तिष्क पर अनावश्यक बल (strain) पड़ता है तथा कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों की भाषा वैज्ञानिक व्याख्या में कठिनाई होती है । उदाहरण स्वरूप कों:ड़ा-कों:ड़ा, चाँ:ड़े-चाँ:ड़े (दिगहा सरह ध्वनि को दिखलाने हेतु ' : ' (कॉलन) चिह्न का व्यवहार करने पर) युग्मशब्द के दिगहा सरह ध्वनि के स्थान पर ' _ ' (das) चिह्न व्यवहार करने पर कों-ड़ा-कों-ड़ा, चाँ-ड़े-चाँ-ड़े की तरह लिखा जाएगा, जो लेखन और पठन-पाठन के तरीके तथा ध्वनियों की वैज्ञानिक व्याख्याा करने में कठिनाई होगी । इस समस्या से बचने का उपाय ' : ' चिह्न का व्यवहार है । श्रद्धेय फ़ा० कामिल बुल्के द्वारा अपनी पुस्तक "अंग्रेजी हिन्दी शब्दकोश" में देवनागरी लिपि से अंग्रेजी शब्दों को लिखने में Long phones ध्वनि को दिखलाने के लिए ' : ' कॉलन चिह्न

का ही व्यवहार किया गया है । कॉलन चिह्न (:) हिन्दी या संस्कृत भाषा के लिए विसर्ग पढ़ा एवं समझा जाता है किन्तु कुँड़ुख़ भाषा के शब्दों को लिखने या पढ़ने के क्रम में इसे लम्बी ध्वनि के रूप में रखे जाने में कोई समस्या नहीं है ।

(2) कुँड़ुख़ का Glotal stop (हेचका सड़ा) कुँड़ुख़ की अपनी निजी धरोहर है जिसका अस्तित्व हिन्दी में नहीं है । उदाहरण - मरना को कुँड़ुख़ में खेअ्ना कहते हैं "खे" और "ना" वर्णों के बीच, आवाज जैसे अचानक बन्द हो जाती है । कुँड़ुख़ का शब्द हेचका इसी आवाज के अचानक गिरने अथवा बन्द होने की प्रक्रिया का बोधक है । समतल सड़क पर यदि कहीं कोई छोटा सा अवरोध आ जाए अथवा जानबूझ कर गतिरोधक गड्ढा बना हो तो वाहन उसे पार करते समय 'हेचका' खाकर आगे बढ़ता है । ठीक उसी प्रकार का 'हेचका' खेअ्ना, बिअ्ना, होअ्ना, चिअ्ना, नेअ्ना आदि कुँड़ुख़ शब्दों के उच्चारण में होता है । संस्कृत भाषा में इस तरह की ध्वनि है जिसे अर्द्धस्वर अ कहा जाता है तथा इसे लुप्ताकार (ऽ) चिह्न से दिखलाया जाता है ।

(3) कुँड़ुख़ के इन शब्द युग्मों पर गौर किया जाए -

(क) बरई - बर'ई (ख) कमई - कम'ई

(ग) पर्दो - पर्द'ओ

Glotal stop या हेचका सड़ा, हेचका के पूर्व वाले वर्ण के साथ जुड़ा होता है । जैसे - खेअ्ना में "खे" के साथ । लेकिन "बर'ई" में पूर्व या उत्तर का प्रश्न नहीं, बल्कि वैसा शब्द या अक्षर जो एक शब्द खण्ड के रूप में अलग पहचान रखता है । उस उच्चारण एवं अर्थ भिन्नता वाले शब्दखण्ड को दिखलाने हेतु अतिरिक्त ध्वनि सूचक चिह्न की आवश्यकता है । यदि ऐसा नहीं किया गया तो जो शब्द उच्चरित हो रहा है, वह अन्यार्थक शब्द बन जाता है । बरई, एक प्रकार का दलहन है और बर'ई एक क्रिया का एक रूप है अर्थात् "वह आती है ।" दोनों शब्दों में कोई आपसी सम्बन्ध नहीं है । शब्द के बीच शब्द खण्ड को अलग करने की क्रिया घेतला और अलग करने का चिह्न (') घेतला चिह्न कहा जाता है, जिसे हिन्दी में शब्दखण्ड सूचक चिह्न कहा गया है ।

पुनः इस प्रकार के उच्चारण का समकक्ष, संस्कृत और हिन्दी में नहीं पाया जाता है ।

कुँड़ुख़ का उच्चारण-विज्ञान क्योंकि अभी लिखा जा रहा है अर्थात् हिन्दी के उच्चारण विज्ञान या भाषा-विज्ञान से कई दशकों बाद । इसलिए सामान्य धारणा यही है कि यह कुँड़ुख़ उच्चारण विज्ञान, हिन्दी और संस्कृत का अनुयायी हो या अनुकृति मात्र हो, ऐसी धारणा के पीछे कुँड़ुख़ एवं कुँड़ख़र को आर्य संस्कृति के साथ ही जोड़े रखने की मानसिकता छिपी है । यदि यह मान लिया जाए कि कुँड़ुख़ और कुँड़ख़र तथा उनकी सारी सांस्कृतिक विरासत आर्य नहीं अनार्य मूल की है, तब इस धारणा के टूटने में बिलम्ब नहीं होगा, कि कुँड़ुख़ भाषा विज्ञान को हिन्दी और संस्कृत का नहीं वरन् अपना निजी होना है । भाषाएँ, अकादमीशियन्स द्वारा बनाई या गढ़ी नहीं जातीं, हाँ भाषाओं या बोलियों में छिपे विज्ञान को वे खोज कर निकालने में ही विद्वत्ता हासिल की जाती है । वैज्ञानिक, अनुसंधान करने के बाद ही वैज्ञानिक बनता है । कोई ऐसी आवश्यकता नहीं कि व्यक्ति पहले अपने को वैज्ञानिक प्रमाणित कर ले, उसके बाद ही अनुसंधान की ओर प्रवृत हो । इसी अर्थ में डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" शिशु चिकित्सा विशेषज्ञ के भाषा संबंधी अनुसंधान की तारीफ मैं करना चाहता हूँ ।

एक चिकित्सक की हैसियत से आप ने पहले मानव शरीर रचना विज्ञान (Human anatomy का ज्ञान, बारीकी से किया । फिर उस विज्ञान के ज्ञान को रोग निवारण के अलावा भाषा विज्ञान के विश्लेषण से काम लाते हुए अपने सिद्धान्त स्थापित किए, और उन सिद्धान्तों का परीक्षण संस्कृत और अंग्रेजी के स्वर विज्ञान के सम्मुख रखकर किया । इसी क्रम में उनकी जीवन संगिनी डॉ० ज्योति टोप्पो "उराँव" का संस्कृत ज्ञान, परख का आइना प्रमाणित हुआ । अपनी विचारशीलता और ज्ञान के सरोवर को अब तक तकिया के नीचे छिपाकर रखने वाली डॉ० ज्योति का योगदान ऐन मौके पर न केवल सहयोगी सिद्ध हुआ किन्तु इसी बहाने, प्रतिभा का पर्दा फाड़कर उसे विद्वत समाज के सम्मुख और एक विचारवान विदुषी के रूप में प्रतिष्ठित भी कर गया । डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो "उराँव" विशेष बधाई की पात्रा हैं ।

"कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" का लक्ष्य भाषा विज्ञान की व्याख्या मात्र नहीं है । इसका प्रत्यक्ष और सीधा तात्पर्य उन लोगों की सहायता करना है जो कुँड़ुख़ बोलना और लिखना चाहेंगे लेकिन तोलोङ सिकि के प्रयोग में सिद्धहस्तता प्राप्त नहीं कर सकने की स्थिति में या तो रोमन लिपि में ही कुँड़ुख़ को सम्मानित करने की चाह होगी अथवा देवनागरी लिपि में ही । लिप्यन्तरण की यह समस्या "कुँड़ुख़ हहस अरा सिकिजुमा" की सहायता से बड़े हल्के ही समाधित की जा सकेगी । ऐसे कुँड़ख़र जो अपनी भाषा, कुँड़ुख़, जानते हैं बोलते हैं किन्तु तोलोङ सिकि के ज्ञाता नहीं हैं इस लिप्यन्तरण से तत्काल लाभान्वित होंगे । विभिन्न स्वरों की परीक्षाओं में भी तोलोङ सिकि पर अधिकार नहीं कर पाए लोग इस लिप्यन्तरण की कला से लाभ उठा सकेंगे । लेकिन इन व्यक्तिगत लाभों की तुलना में लिप्यन्तरण के पाठ द्वारा कुँड़ुख़ भाषा में मानकीकरण का काम स्वतः सम्पन्न हो जाएगा, यह इस पुस्तक की सबसे बड़ी उपलब्धि कहलाएगी ।

कुँड़ुख़ भाषा की सेवा में लेखक द्वय की साधना न केवल सराहना और प्रशंसा के योग्य है किन्तु अनुकरणीय भी । तत्काल जरूरत है सम्पूर्ण कुँड़ुख़ खोंड़हा द्वारा तोलोङ सिकि का शीघ्रातिशीघ्र अपनाया जाना, उसी लिपि के द्वारा सगर्व सम्प्रेषण और संवाद का प्रचलन निश्चित करना । ऐसा इसलिए कि इस तोलोङ सिकि ने बहुत बिलम्ब से अस्तित्व का उजाला देखा है । संचार क्रान्ति के पहले इसे जन्म लेना चाहिए था । संचार क्रान्ति के पूर्व प्रादूर्भूत सांस्कृतिक क्रान्ति में सक्रियता पूर्वक सहयोगी हो जाना चाहिए था कुँड़ुख़ समाज को । और निकलता जा रहा है बड़ी तेजी से यह जामना, छूटते जा रहे हैं वे कबीले जिनके पास अपनी बोली तो है लेकिन उसको लिपिबद्ध करने के लिए अपना ध्वनि संकेत उपलब्ध नहीं है । यह पुस्तक तोलोङ सिकि पर महारथ प्राप्त करने तक लिप्यन्तरण की कला कुँड़ुख़ की ग्राह्यता का सूचक बनकर कुँड़ुख़ की गरिमा का विस्तार करेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए ।

डॉ० नारायण उराँव "सैन्दा" और डॉ० श्रीमती ज्योति टोप्पो "उराँव" को बधाइयाँ एवं अगली रचना के लिए शुभ कामनाएँ ।

10

Dr. Etwa Oraon,
Founder, Kũrux Katth Khorha Loor'erpa,
Loordippa, Dumri, Gumla - 834230

Dated - 07.01.2011

The book, 'Kũrux Phonetics and Transliteration' is another stroke of a genius that Dr. Narayan Oraon always is, for not only the entire Kũrux community but also for the whole world of linguistics. With this invention of Tolong Siki for Kũrux language, his position in the Kũrux tribal society is unique and unparalleled making him stand out as a Messiah for the entire Kũrux community. Dr. Narayan provides much needed matter for national unity. It will certainly help Kũrux to unite themselves as one people with great future open to them. It will play as key to their survival and success.

When we started our own Kũrux Kath Khorha Loor'erpa, the first ever in Kũrux in the world at Loordippa of Gumla district I straightaway opted for Tolong Siki without having ever met Dr. Narayan Oraon earlier because Tolong Siki is simply the best and it is our own. Kũrux is to be written only in Tolong Siki and Tolong Siki is to be kept in mind while campaigning for the inclusion of Kũrux in the 8th Schedule of the Indian Constitution.

I am indeed happy to state that the children of K.K.K.Loor'erpa, Loordippa have played a vital role for Tolong Siki's acceptance by the Kũrux community and finally by the Jharkhand Academic Council itself as the script for Kũrux subject in Matric. Now by facilitating our mother tongue to be read by others through transliteration into various other languages in his most recent book Kũrux Phonetics and Transliteration Dr. Narayan and his wife Dr. Smt. Jyoti Toppo Oraon have paved the way for Kũrux to become a world language one day. The book itself is the fruit of a really scientific, technical and scholarly work. I believe that Kũrux world will accept this book, not only without any hesitation but with great joy, as it has done the script Tolong Siki.

I whole heartedly congratulate this august Kũrux couple who have contributed to Kũrux community's identity and growth in a manner no others have ever done.

BIBLIOGRAPHY

1. [illegible]
   Origin and Development of Tolong Siki - Dr. Narayan Oraon "Sainda"
2. KURUKIH GRAMMAR - REV. FERD HAHN, S. J.
3. AN ENGLISH URAON DICTIONARY - C. BLESES, S.J.
4. AN ORAON ENGLISH DICTIONARY - A. GRINARD
5. KURUX PHONETIC READER - DR. FRANCIS EKKA
6. IMPROVE YOUR PRONUNCIATION - VICTOR W. TUCKER, S. J.
7. Oxford Advanced Learner's Dictionary of Current English - A. S. Hornby
8. Oxford English Hingi Dictionary - Edited by : S. K.Verma & R. N. Sahai
9. उर्दू हिन्दी डिक्शनरी – अंजुमन तरक्की उर्दु (हिन्द) प्रकाशन
10. SANTALI DICTIONARY - P. O. BODDING
11. SANTALI FOLK TALES - P. O. BODDING
12. ENCYCLOPEDIA MUNDARICA - REV. JOHN HOFFMANN, S. J.
13. ENCYCLOPEDIA MUNDARICA - EDITTED BY P. PONETTE, S. J.
14. HO - ENGLISH DICTIONARY - J. DEENEY, S. J.
15. खड़िया ध्वनि शास्त्र – जूलियस बाऽ
16. KHERIA OS?NLO? - KHARIA SAHITYA SAMITI
17. LATIN GRAMMER - J. VAN BOGAERT, S. J.
18. यजुर्वेद – संस्कृति संस्थान, बरेली
19. ऋक् सूक्त संग्रह – डॉ० हरिदत्त शास्त्री, डॉ० कृष्ण कुमार
20. श्रीशुक्लयजुर्वेदीयरूद्राष्टाध्यायी
21. लघु सिद्धांत कमौदी – श्रीमद्विद्वद्वर-वरदराजाचार्यप्रणीता
22. संस्कृत सहचर – आचार्य राधामोहन उपाध्याय
23. SANSKRIT - ENGLISH DICTIONARY - V. S. APTE
24. अंग्रेजी हिन्दी शब्दकोश – फॉदर कामिल बुल्के
25. Concise Sanskrit - Hindi- English Dictionary - Dr. Uma Prasad Pandey
26. कत्थ अरा कत्थ बिल्लिन ईद'उ – डॉ० ख्रिस्त मिखाइल तिग्गा
27. कुँड़ुख़ कत्थ बिल्ली – पी० सी० बेक
28. MALTO An Ethnosemantic Study - B. P. Mahapatra
29. कम्प्लीट गिटार गाइड – संगीताचार्य मनोरंजन भारती

तोलोंग सिकि वर्णमाला

(सरह तोड़) = स्वर वर्ण

i इ	e ए	u उ	o ओ	a अ	a̲ आ

: (सेला) = लम्बी ध्वनि, • (मितला) = नासिक्य स्वर ध्वनि

' (घेतला) = शब्दखण्ड सूचक, । (हेचका) = विकारी अ

(हरह तोड़) = व्यंजन वर्ण

p प	ph फ	b ब	bh भ	m म
t त	th थ	d द	dh ध	n न
ṭ ट	ṭh ठ	ḍ ड	ḍh ढ	ṇ ण
c च	ch छ	j ज	jh झ	n̈ ञ
k क	kh ख	g ग	gh घ	ṅ ङ
y य	r र	l ल	v व	n̤ ञ़
s स	h ह	x ख़	ṛ ड़	ṛh ढ़

यह पुस्तक "केलि तोलोंग" (KellyTolong.ttf) फॉन्ट में Composed और Print की गयी है । केलि तोलोंग, तोलोंग सिकि (लिपि) का कम्प्यूटर वर्सन है । इसकी विस्तृत जानकारी के लिए http//newswing.com नामक वेवसाईट पर अथवा KellyTolong के डेवेलॉपर श्री किसलय से kislaya@hotmail.com पर सम्पर्क करें ।